CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C

मुरादाबाद, सोमवार 27 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत: योगी पेज 2



चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने चौथी जीत दर्ज की खेल टाइम्स



मानवीय संवेदना का इतिहासकार फोटोग्राफर रघु राय सम्पादकीय



दबाव में युद्धविराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेश्कियन पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** 'आप' सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। संजय सिंह के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचार्य सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। 'आप' के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा जॉइन कर ली थी।

### प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय का 83 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर से जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया गया।

### अंडमान दौरे पर राहुल गांधी, कांग्रेस को मिला जनसमर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दौरे को कांग्रेस ने बड़ी सफलता करार दिया है। कांग्रेस के अंडमान-निकोबार प्रभारी मणिकम टैगोर ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन में श्री गांधी की मौजूदगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में नया उत्साह भर दिया। श्री टैगोर ने कहा कि इस दौरे को लेकर पार्टी प्रतिनिधियों और जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जो द्वीपों में कांग्रेस संगठन की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

### भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास नमनगन में संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक 2026' का सातवां आयोजन उज्बेकिस्तान के नमनगन स्थित गुरुमसरॉय फील्ड ट्रेनिंग एरिया में संपन्न हो गया। अर्ध-पहाड़ी इलाकों में दो सप्ताह के गहन संयुक्त प्रशिक्षण के बाद यह सैन्य अभ्यास संपन्न हुआ। भारत-उज्बेकिस्तान के बीच आपसी तालमेल और संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया।

# ट्रम्प की डिनर पार्टी में फायरिंग

## व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हमलावर ने 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प पर हमले की खबर सामने आई है। दरअसल, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद एक चश्मदीद वॉलंटियर ने बताया है कि किस तरह सुरक्षा में हुई एक भारी चूक का फायदा उठाकर हमलावर ने एक असुरक्षित कमरे में अपना हथियार असेंबल किया और फिर सीधे मुख्य हॉल की तरफ दौड़ पड़ा। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उस डरावने पल को याद किया। उन्होंने बताया कि टेरेस लेवल के प्रवेश द्वार के पास एक अस्थायी कमरा बनाया गया था। इस कमरे का उपयोग मुख्य रूप से बार कार्ट और अन्य सामान रखने के लिए किया जा रहा था। माबुस के अनुसार, उस समय वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही कोई निगरानी की जा रही थी। हेलेन ने बताया कि वह शख्स उसी कमरे में छिपा था। उसने अपने बैग से कुछ निकाला और उसे जोड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि वह हथियार काफी लंबा था और किसी सामान्य बंदूक जैसा नहीं दिख रहा था। हमलावर सुरक्षाकर्मियों की नजरों से थोड़ा ओझल होकर इस काम को अंजाम दे रहा था। जैसे ही उसने हथियार तैयार किया, वह तेजी से बाथरूम की ओर भागा और हमला करना शुरू कर दिया। चश्मदीद के मुताबिक, हमलावर ने बिना सोचे-समझे हर दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हेलेन ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसे वह हर तरफ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा हो। मैंने कम से कम 10 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मैं भी वहां से भागी। पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है।



■ **सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी को लगी गोली, हमलावर एलन गिरफ्तार**

### मोदी ने डिनर पार्टी में हुई गोलीबारी की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की है। श्री मोदी ने रविवार को इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सुरक्षा पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई गोलीबारी के बाद यह जानकर राहत मिली कि श्री ट्रम्प, प्रथम महिला और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं।

### अमेरिकी अधिकारियों का पाकिस्तान दौरा रद्द

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित युद्धविराम वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है। 18 घंटे समय बर्बाद कर बेकार की बातें करने नहीं जाना।

# सरेंडर का आदेश नहीं दे सकती अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।



■ **कहा: किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार**

# दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स की एक उड़ान को रविवार तड़के उड़ान भरने (टेक-ऑफ) से ठीक पहले रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। यह घटना रात लगभग 1:25 बजे के तुरंत बाद हुई, जब एयरबस ए330-300 संचालित उड़ान एसडब्लूआर146 रनवे 28 से उड़ान भरने के लिए गति पकड़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कॉकपिट क्रू ने इंजन में खराबी का पता लगाया और तुरंत टेक-ऑफ की प्रक्रिया को रोक दिया। विमान के एक तरफ धुएं के निशान और लैंडिंग गियर क्षेत्र के आसपास आग की लपटों की रिपोर्ट के बाद कुछ ही मिनटों में पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया, जिससे सुरक्षा कार्यों के लिए रनवे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 245 व्यक्तियों (232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य) को आपातकालीन स्लाइड का उपयोग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन निकासी प्रक्रिया के दौरान चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

■ **आग लगी, छह घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग थे सवार**

# दाऊद गैंग का खास गुर्गा सलीम डोला गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तुर्की की सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ा है।

कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने सलीम डोला की गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि की है। डोला इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के दायरे में था। यह नोटिस भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुंबई पुलिस में दर्ज मामलों के आधार पर जारी किया गया था। सलीम डोला भारत भर में फैले कई गुप्त अड्डों और कारखानों का इस्तेमाल करके कई देशों में फैले एक अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क को चला रहा था। सूत्रों के अनुसार, वह दुबई से अपने ड्रग रैकेट को नियंत्रित करता था। रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी की पुष्टि होने से पहले एक भारतीय अधिकारी ने कहा था कि अगर डोला पकड़ा जाता है, तो उसके ड्रग तस्करी गिरोह के लिए यह एक बड़ा झटका होगा। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने, जिन्होंने गुमनाम रहने की शर्त पर बात की, कहा कि अगर डोला को हिरासत में लिया गया है, तो यह बहुत अच्छी खबर है और उसके तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क का सालाना कारोबार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का था।

■ **खबरों में दावा: तुर्की में पुलिस ने दबोचा**

# बुलंदशहर: बर्थडे पार्टी में तिहरा हत्याकांड

## चेहरे पर केक लगाने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** खुर्जा क्षेत्र में बीती देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने तिहरे हत्याकांड का रूप ले लिया। गोलीबारी की इस घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जीतू नामक युवक की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान युवकों के बीच एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर झगड़ा हिंसक हो गया और गोलीबारी शुरू हो गई। फायरिंग में मनीष, आकाश और अमरदीप नामक तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तिहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी लॉ एंड ऑर्डर तथा एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।



मृतक मनीष सैनी



मृतक अमरदीप



मृतक आकाश सैनी

■ **पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय: मोदी

## ममता सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं, पीएम ने कोलकाता में किया रोड शो

**कोलकाता, वार्ता**

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है।

दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। उन्होंने कोलकाता में रोड शो भी किया। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। 15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है। हुगली में पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार ने अपने कुकर्मों की वजह से बंगाल के लोगों का भरोसा खो दिया है। यही कारण है कि लोगों को बार-बार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को डराकर रखा, लेकिन वे एक बात भूल गए। जब अत्याचार अपनी सीमा पार करता है, तो जनता मां दुर्गा का रूप लेकर अन्याय का अंत करती है।



■ **पीएम का आरोप : टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे**

### जनगणना में डिजिटल भागीदारी कर सफल बनाएं: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की।

पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल एप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। वहीं, इस बार लोगों को खुद भी अपनी जानकारी डिजिटली अपलोड करने की सुविधा दी गई है। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले यह सुविधा शुरू होगी। लोग अपने हिसाब से अपने समय में सारी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद उन्हें मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी मिलेगी।

# यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म, पारा 47 के पार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया। किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 जीडब्ल्यू का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है।

■ **उप्र के 50 जिलों में लू, मप्र के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद**

## एक नजर

### हादसे में घायल रसोईया की मौत

**नहटौर।** थाने में तैनात रसोईया हरि सिंह की सड़क दुर्घटना में घायल होने के 10 दिन बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। इस दुखद खबर से पुलिस महकमे और उनके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। हल्दौर क्षेत्र के निवासी हरि सिंह लगभग 10 दिन पूर्व अपनी बाइक से हल्दौर स्थित अपने घर से नहटौर थाने ड्यूटी पर आ रहे थे। हल्दौर मार्ग पर ग्राम बेगराजपुर के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक बेसहारा गोवंश आ गया। हरि सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च केंद्र रेफर किया गया, जहां पिछले 10 दिनों से उनका उपचार चल रहा था। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, हरि सिंह ने घावों के कारण दम तोड़ दिया। थाना सहकर्मियों ने बताया कि हरि सिंह एक मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी थे। हरि सिंह की मृत्यु की सूचना मिलते ही उनके पैतृक घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 'एक उदास दिन' का लोकार्पण



**कोतवाली देहात।** ग्राम महुआ निवासी रमा त्यागी एकाकी के काव्य संग्रह एक उदास दिन का गीत का साहित्य अकादमी के सभागार में लोकार्पण हुआ। कस्तूरी संस्था के तत्वावधान में आयोजित परिचर्चा में देश के नामचीन साहित्यकार शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवयित्री रमा त्यागी ने कहा कि यह काव्य संग्रह स्त्री के मन की उथल पुथल, संघर्ष और जिजीविषा को संजोने का संग्रह है। काव्य संग्रह की कविताएं निराशा में आशा की किरण के उजाले सरीखी हैं। कार्यक्रम में काव्य संग्रह की कविताओं पर विमर्श किया गया। डा. वंदना पांडे ने कहा कि रमा त्यागी की कविताओं में गहन वेदना की सहज अभिव्यक्ति है। इन कविताओं में संघर्ष तो है, लेकिन उनके मूल में प्रेम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दूरदर्शन के भूतपूर्व महानिदेशक अमरनाथ अमर ने की। संचालन डा.विशाल पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुजीत कुमार, डा. वंदना वाजपेयी, डा. चैताली, त्रिलोक कौशिक, लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, ममता किरण, ओम प्रकाश प्रजापति, अशोक, कवि नीरज त्यागी, राजपाल यादव, अनिल 'मीत', रजनीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### घर-घर गायत्री, घर-घर यज्ञ



**नजीबाबाद।** आध्यात्मिक जागरण और संस्कार निर्माण के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार ने 'घर-घर गायत्री, घर-घर यज्ञ' अभियान का शुभारंभ किया है। ऑल वर्ल्ड गायत्री परिवार द्वारा संचालित यह महाअभियान 3 मई तक लाखों परिवारों को यज्ञ और संस्कारों से जोड़ेगा। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद से जुड़े 16 जनपदों में लगभग 20 लाख घरों में गायत्री यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत प्रत्येक जिले में करीब 1.25 लाख घरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। नजीबाबाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र में 11 हजार घरों में यज्ञ संपन्न कराने की योजना है। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद के व्यवस्थापक डॉक्टर दीपक कुमार ने ग्राम धनसीनी स्थित अपने आवास से यज्ञ कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार की 100 समर्पित टोलियां बनाई गई हैं। ये टोलियां क्षेत्र के 1100 घरों में सीधे पहुंचकर गायत्री यज्ञ संपन्न कराएंगी। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि गायत्री यज्ञ से घरों में सकारात्मक ऊर्जा, सुख-शांति, स्वास्थ्य और प्रेम का वातावरण बनता है। इससे परिवार में एकता और समाज में भाईचारे को बल मिलता है। अभियान का मूल उद्देश्य नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का संचार करना है। यह पहल समाज में आध्यात्मिक चेतना और सद्बुद्धि का प्रकाश फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### इंटर में छात्राओं का दबदबा

**मंडावर।** यू.पी. बोर्ड परीक्षा-2026 का परीक्षा परिणाम देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय का इंटर का रिजल्ट 94 प्रतिशत प्रतिशत व हाईस्कूल का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटर की परीक्षा में तनु ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। आयशा ने 76 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान व गुलनाज ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में वंशिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शाजिया ने दूसरा ब अदीबा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक मनोज भारद्वाज, प्रधानाचार्य डा. मोहित शर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों की मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। सभी विद्यार्थियों के माता पिता ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु की मौत

## परिजनों ने नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहल्ला छापेग्रान में एक नीजि नर्सिंग होम में एक 7 माह की गर्भवती महिला और उसके होने वाले बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने नर्सिंग होम प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने शव नर्सिंग होम पर लाकर हंगामा शुरू किया।पुलिस भी मौके पर पहुंची है।



प्राप्त समाचार के अनुसार मोहल्ला छापेग्रान निवासी विपिन कुमार अपनी 7 माह की गर्भवती पत्नी भावना को मोहल्ले के ही एक नीजि नर्सिंग होम मे दिखाने के लिए ले गया था। भावना की शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी। शनिवार को परिजन उसे सामान्य जांच के लिए स्थानीय अस्पताल लाए थे। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया और ड्रिप (बोतले) लगा दीं।

परिजनों के मुताबिक, शाम करीब 6 बजे अचानक भावना की तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होते देख अस्पताल प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए। महिला व गर्भस्थ शिशु, दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इलाज या लापरवाही की वजह से हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया।घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। देर रात तक अस्पताल में गहमागहमी का माहौल बना हुआ था। पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# एलसी इंफ्रा के स्टोर में आग लगने से नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जल निगम के जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था एलसी इंफ्रा के स्टोर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के समय स्टोर पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति को समझते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन तब तक आग काफी विकराल रूप ले चुकी थी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि स्टोर में एक साइड रखा सामान उसकी चपेट में आ गया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग 70- 80 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव लवानिया ने बताया कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। लगभग 60 से 70 लाख रुपए के नुकसान की बात उनके द्वारा बताई गई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण अत्यधिक गर्मी और संभावित शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

गौरतलब है कि इन दिनों तेज गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। संबंधित विभाग द्वारा लोगों और संस्थानों को सावधानी बरतने और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की सलाह दी जा रही है।

फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है।

# इशांत शर्मा ने जिले में 7वां स्थान पाया

## यूपी बोर्ड हाई स्कूल में 92% अंक हासिल कर उपलब्धि दर्ज की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में जनपद में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले इशांत शर्मा का सीकरी बुजुर्ग गांव में भव्य स्वागत किया गया। इशांत ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जिससे गांव और परिवार का नाम रोशन हुआ है।



प्राप्त समाचार के अनुसार इशांत की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शोभित कुमार त्यागी अपने साथियों के साथ उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने इशांत शर्मा को गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। शोभित त्यागी ने इशांत की सफलता को अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह में शोभित कुमार त्यागी के साथ बलराज त्यागी, संजीव त्यागी, विनीत त्यागी, सचिन त्यागी, संगम त्यागी और सोनू ठाकुर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। शोभित कुमार त्यागी ने कहा, इशांत जैसे छात्र गांव का गौरव हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद जिले की टॉप सूची में जगह बनाना उनकी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

इशांत की इस सफलता से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। सभी ग्रामीण उन्हें भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं प्राप्त करने की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# भाजपा व आरएसएस के एजेंटों से रहे सावधान

## बसपा की बैठक में दी गई कार्यकर्ताओं को हिदायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा की बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं भाजपा व आरएसएस के एजेंटों से सावधान रहने की हिदायत दी गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष कविराज की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव, नाजिम अहमद अल्वी, देवेंद्र भारती मौजूद रहे। साथ ही मंडल प्रभारी डीपी सिंह, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, धर्मपाल सिंह, रोहिताश सिंह व वीपी सिंह ने विधानसभा वाइज बूथ कमेटी के गठन की समीक्षा कराई। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने विधानसभा वाइज समीक्षा करते हुए कहा कि विधानसभा को दो जोन में बांट कर 15-15 दिन का कार्यक्रम बनाकर सूचित करें एवं मंडल प्रभारी व जिला कमेटी अपना कार्यक्रम बनाकर दें। अलग-अलग जोन में दो रजिस्टर रखेंगे। जिसमें बूथ के पुर्नगठन का ब्यौरा अंकित करेंगे। हर 10 दिन बाद समीक्षा बैठक में रजिस्टर चेक होगा। बूथ कमेटी के गठन में सदस्यता जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। दूसरी पार्टियां साम, दाम, दंड व भेद की नीति अपना रही है। भाजपा एवं आरएसएस के एजेंट घूम रहे हैं। किसी के बहक. ावे में न आए। उन्होंने कहा कि आठों विधानसभाओं में क्षेत्रीय प्रत्याशी जो जीताऊ व टिकाऊ हो, ऐसे प्रत्याशी का चयन करना आवश्यक है।

बैठक में जिला महासचिव संजीव कुमार सैनी, जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी, जिला सचिव मुंशी सद्दीक, विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह, अमिताभ, चेतराम, विधानसभा अध्यक्ष पवन कुमार, वीर सिंह, दिलेराम, बबलू सैनी, सुभान अंसारी, जीत सिंह कश्यप, गुलाब सिंह प्रजापति, मौहम्मद अशरफ, ओम प्रकाश सिंह, एनपी सिंह, इंदर सिंह, शादाब अहमद, लाखन सिंह, अमर सिंह, शौकत अहमद आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिविर में 75 मरीजों की जांच



**धामपुर।** चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान मुरादाबाद द्वारा नेत्र जांच शिविर सत्य धाम धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ गजराज सिंह योग गुरु द्वारा फीता काट कर किया गया। सीएल गुप्ता संस्थान से नेत्र जांच विशेषज्ञ सीनियर कोऑर्डिनेटर साने आलम, सुमैया चौधरी, राजेश कुमार, कशिश बासनी, कनिष्क, रजत शर्मा, काउंसलर आमिर अली, कम्युनिटी वर्कर सरोज देवी ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष ट्रस्ट की तरफ से आंखों का कैंप लगाया जाता है। आज 75 मरीजों को शिविर में चेक किया गया। जिसमें 20 को ट्रस्ट की तरफ से चश्मा दिए गए। 11 मरीजों में कैटरेक्ट के साथ की रेटिना में कमी पाई गई। 24 को चश्मा नंबर दिए गए। शेष व्यक्ति की आंखें स्वस्थ लाभ पाएगी। गिरजेश ठाकुर, रेखा रानी, जगदीश सिंह जिला महामंत्री शिवकुमार उपाध्यक्ष, सुनीता नंदा उमा राम सिंह सैनी, विजयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। समिति के संरक्षक गजराज सिंह जिन्होंने उद्घाटन किया था एवं टीम के प्रभारी साने आलम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### भाकियू संघर्ष मोर्चा ने संगठन को दी नई धार



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बिजनौर के मंडावली स्थित कैंप कार्यालय में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी विशेष रूप से पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में नियुक्तियों की घोषणा की गई। संगठन ने युवा नेतृत्व को बढ़ावा देते हुए विकुल कुमार को जिला सचिव युवा और इजहार अहमद को तहसील प्रभारी युवा नियुक्त किया। बूंदु मकरानी को जिला महासचिव तथा सूर्यांशु उपाध्याय को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। अखिलेश चौधरी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने और किसानों की आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया। साथ ही हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन तोमर, युवा जिला अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य शेष पाल शेठी, कोषाध्यक्ष असलम अहमद, जिला उपाध्यक्ष आकाश राठी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जलालाबाद में सिलेंडर में लगी आग



**नजीबाबाद।** प्रभारी केएस जादौन के नेतृत्व में अग्निशमन टीम तहसील क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रही थी। इसी दौरान जलालाबाद से गैस सिलेंडर में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। उस समय टीम रिलीफ नर्सिंग होम में स्टाफ को आग से बचाव का प्रशिक्षण दे रही थी। घटना जलालाबाद के मौहल्ला हरिजन बस्ती में अर्जुन पुत्र नरेश कुमार की कंपोजिट ठेका के पास स्थित कैंटीन में हुई। रेगुलेटर लीक होने के कारण सिलेंडर में आग लग गई थी। फायर सर्विस यूनिट ने मौके पर पहुंचकर हथौड़ा मारकर रेगुलेटर को तोड़ा, सिलेंडर को अलग किया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटनास्थल पर पीआरवी 4332 के बाइक कांस्टेबल मनोज कुमार और सत्येंद्र सिंह भी मौजूद थे। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, केवल पाइप और रेगुलेटर आदि को मामूली क्षति पहुंची। उधर अग्निशमन टीम ने कान्हा कर्णवाल हॉस्पिटल (गुरुद्वारा रोड नजीबाबाद), रिलीफ नर्सिंग होम (किरतपुर रोड जलालाबाद), सहारा हॉस्पिटल (कोटद्वार रोड नजीबाबाद), और स्माइल हॉस्पिटल (हर्षवाड़ा रोड नजीबाबाद) में भी स्टाफ को आग से बचाव के तरीके सिखाए और जागरूक किया।

# बागी 7 राज्यसभा सांसदों की सदस्यता खत्म करने को आप ने भेजा आवेदन

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ सभापति और उपराष्ट्रपति से की मांग

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से 7 सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। इसे लेकर आप ने सभापति से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करके न्यायपूर्ण फैसला दें। आप के ये सातों सांसद हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। इनमें वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सांसद कानून के तहत अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। संजय सिंह ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति को एक शिकायत भेजी है, जिसमें संविधान की 10 वी अनुसूची के मुताबिक सातों सदस्यों की सदस्यता खत्म करने के लिए अनुरोध किया है। संजय सिंह ने कहा कि एक पार्टी से आप चुनकर आते है और एजेंसीज का दुरुपयोग करके आपको तोड़ा जाता है। आपको डराकर अपने में मिला लेती है, ये पंजाब और देश के संवैधानिक साथ धोखा है। संजय सिंह ने कहा कि दसवीं अनुसूची (एंटी-डिफेक्शन कानून) के तहत ऐसे दलबदल मान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लीडरशिप को दलबदल की आशंका थी और आखिरी समय में कुछ सांसदों को रोकने की कोशिश भी की गई थी, लेकिन पार्टी नेताओं की काफी कोशिशों के बाद भी सातों राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए।

# दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में रेट कंट्रोल करेगा हरदोई

■ गंगा एक्सप्रेसवे से आएगी खुशहाली, रोज पहुंचेंगी सब्जियां

**लखनऊ।** दिल्ली-एनसीआर वासियों को अब ताजी सब्जियां मिला करेंगी। इसके लिए हरदोई रेट नियंत्रित करेगा। 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने जा रहा है। इसके बाद गंगा की तराई में पैदा होने वाली हरी सब्जियों की बड़ी खेप रोज दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में पहुंचने लगेगी। अभी परिवहन के साधनों की कमी की वजह से इन इलाकों से सब्जियों की खेप बड़ी मुश्किल से बड़ी मंडियों तक पहुंच पाती थी।

हरदोई में होटल कारोबारी रानू का कहना है कि इन सब्जियों और सलाद की डिमांड बड़े होटलों में खूब है। इसके लिए किसानों को मुंह मांगी कीमत भी मिलती है, लेकिन अभी तक इसे हरदोई के बाहर के होटलों तक पहुंचाना ही मुश्किल था। अब गंगा एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और प्रयागराज के 5 स्टार होटल सीधे किसानों से सलाद की फसल खरीद सकेंगे। उन्होंने उदाहरण के जरिए समझाया कि अभी हरदोई में तरबूज 8 से 10 रुपये किलो मिल रहा है, जबकि दिल्ली में 40 से 100 रुपये का भाव है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के साथ उभरेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित किया है।

एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 47 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। यह पूरी योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी। आईएमएलसी योजना के तहत पूरे एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं।



इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। इन नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक 'इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट' में बदल देगी। आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 'इंटेंट्स ऑफ इन्वेस्टमेंट' प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।

# बुडगरा की लेडी डॉन परमेश्वरी अरेस्ट

## नंगली जाजू में चोरियों के मामले में पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने बुडगरा (किरतपुर) की लेडी डॉन परमेश्वरी को चोरियों के तीन मामलों में गिरफ्तार किया है। लेडी डॉन के खिलाफ सात मुकदमें पंजीकृत हैं। उसका लंबा आपरा. धिक इतिहास है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नूरपुर में ग्राम नंगली जाजू निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र लटूर सिंह ने 25 दिसम्बर को तहरीर दी थी कि वादी के घर से नकदी, आभूषण व अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए गए हैं।

तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 428/25 धारा 305(ए) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। इसी तरह ग्राम नंगली जाजू निवासी कुलदीप पुत्र घासीराम एवं विजय सिंह पुत्र नन्हें ने अपने घरों में जेव. रात, मोबाइल आदि के चोरी के सम्बंध में 25 दिसम्बर को ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस मामले में पुलिस ने सतीश, सत्यवीर व सौरव निवासी मुजफ्फरनगर एवं अनिल निवासी मंडावर को कल ही गिरफ्तार कर उनसे लाखों की नकदी बरामद की थी।

पुलिस ने इस मामले में आज थाना किरतपुर के ग्राम बुडगरा निवासी जयवीर पुत्र मेहर सिंह एवं परमेश्वरी पत्नी अशोक उर्फ अमरनाथ को गिरफ्तार किया है। परमेश्वरी का लंबा अपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ बेहद गंभीर धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें बीएनएस की धारा 304(2) एवं 305(ए) बीएनएस की भी मुकदमें हैं। नांगल थाने में भी उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है।

## गंगा बैराज के पास हादसा, पांच घायल

**बिजनौर।** गंगा बैराज के पास रविवार को एक सड़क हादसा हो गया। पौड़ी गढ़वाल से दिल्ली जा रही एक कार को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह हादसा गंगा बैराज पुल पार करने के कुछ ही देर बाद हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और मेरठ-पौड़ी हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और बिजनौर मेडिकल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पांच घायलों का इलाज शुरू किया। इनमें से मनवर सिंह और ब्रह्मानंद की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का कल (आज) स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यालय पर रोड शो भी निकाला जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा जिला अध्यक्ष बनने के बाद हनी फैसल कल (आज) पहली बार बिजनौर आ रहे हैं। नूरपुर मार्ग से वह बिजनौर में प्रवेश करेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ रोड शो करते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। सुबह दस बजे पार्टी कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सपा के कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू एवं पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान ने उनके स्वागत की जबरदस्त तैयारी की है। युवा कार्यकर्ताओं में हनी फैसल के स्वागत के लिए



## रोड शो की भी तैयारी

जोश देखा जा रहा है। हनी फैसल जब से जिला अध्यक्ष बने हैं, युवा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ रही है। सोशल मीडिया पर युवा कार्यकर्ता एक-दूसरे को मुबारकबाद दे रहे हैं।

दूसरी तरफ सबसे खास बात यह है कि जो पुराने व वफादार सपा नेता जनप्रतिनिधियों के द्वारा उपेक्षा एवं अनुचित व्यवहार किए जाने की वजह से अपने घरों में बैठ गए थे और सपा के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रहे थे, वह भी अब सक्रिय हो गए हैं। पुराने सपा नेताओं का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हनी फैसल को जिला अध्यक्ष बनाकर पुराने व युवा कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाया है।

अब देखना यह है कि कल (आज) होने वाले स्वागत समारोह में वरिष्ठ नेता व जनप्रति. निधि अपने साथ कितने कार्यकर्ताओं को लेकर आते हैं। सभी की निगाहें जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर लगी हुई है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने साफ संदेश दे दिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार



**रेहड़।** पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी हुई बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम रानी नांगल निवासी मुन्ना अली पुत्र अब्दुल कलाम ने शनिवार को थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया था कि 16 अप्रैल को वह धामपुर से आते हुए बादीगढ़ चौराहे पर रुका था और एक बाग के पास अपनी बाइक खड़ी करके बाजार से सामान लेने चला गया। सामान खरीद कर वापस लौटा, तो वहां उसकी बाइक नहीं थी। उसने बाइक को काफी तलाश किया, परंतु उसका कुछ पता नहीं लगा। मुन्ना अली द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि आज बाइक चोरी के आरोपी सद्दाम उर्फ बबलू पुत्र यामीन निवासी गांव रामनगर वन थाना जसपुर जिला उधम सिंह नगर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है।

# थाने पर भाकियू ( भानु ) का धरना समाप्त

**डा. मुसीफुल हक**

**मंडावली।** थाने के सामने शुरु किया गया भाकियू (भानू) का धरना वार्ता के बाद समाप्त हो गया। जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली है।

स्थानीय थाने के सामने स्थित प्रतिक्षालय में आज उस समय हलचल बढ़ गई थी, जब भाकियू (भानु) ने अपनी मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया था। इस दौरान भाकियू (संघर्ष मोर्चा) के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने कोई धरना नहीं दिया। संघर्ष मोर्चा की ओर से पहले धरने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन निर्धारित दिन पर उन्होंने धरना नहीं किया। संगठन के नेता अपने प्रतिनिधियों के साथ थाने पहुंचे। जहां थाना अध्यक्ष ने उनके पांच सदस्यों को बातचीत के लिए अंदर बुलाया। इसके बाद पहले से धरने पर बैठे भाकियू



## वार्ता के बाद राजी हुए किसान नेता

(भानु) के भी पांच प्रतिनिधियों को थाने के अंदर बुलाकर दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने वार्ता कराई गई। थाने के अंदर चली बातचीत में दोनों संगठनों के बीच लगे आरोपों व प्रत्यारोपों पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार आपसी सहमति बनाते हुए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए गए आरोपों को समाप्त करने, आपसी दूरी खत्म करने और गाली-गलौच जैसी बातों को समाप्त करने पर सहमति जताई। थाना प्रभारी के आश्वासन और बनी सहमति के बाद भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने अपना धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान थाने के बाहर समर्थकों की भीड़ मौजूद रही, लेकिन स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। वार्ता में भाकियू (भानु) की ओर से भूपेंद्र सिंह देशवाल जिलाध्यक्ष, अनिल चौधरी, राजेंद्र सिंह, विपिन राजपूत, चरण सिंह, मीना सिंह, अनुष्का देवी, लता चौहान, प्रमोद राठी, अकबर, दीपक देशवाल, सतेंद्र चौधरी, दीपक, विचित्र, मुन्नू, वकील अहमद, फहीम, शाबान व शाहिद सहित भारी तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं भाकियू (संघर्ष मोर्चा) की ओर से विपिन तोमर जिलाध्यक्ष, शेषपाल राठी, सचिन, ब्रजवीर सिंह एड., कार्मेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस तरह मंडावली थाने के सामने बना तनाव पुलिस की मध्यस्थता से समाप्त हो गया। दोनों किसान संगठनों के बीच वार्ता के बाद सहमति बनने से क्षेत्र में राहत का माहौल देखा गया।

## एक नजर

### चांदपुर में अंकित गिरफ्तार



**बिजनौर।** चांदपुर थाने में 17 अप्रैल को थाना कोतवाली देहात के ग्राम नूरअलीपुर भगवंत निवासी मौहम्मद अहसान पुत्र सुक्खे ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। पुलिस ने स्पलेंडर बाइक की चोरी की रिपोर्ट धारा 303(2) बीएनएस में दर्ज की थी। इस मामले में पुलिस ने आज शातिर चोर अंकित पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम नन्हेड़ा, थाना नहटौर को गिरफ्तार कर उससे बाइक बरामद कर ली है। अंकित ने पूछताछ में बताया कि उसने बाइक संख्या यूपी23एजे 8051 भी चोरी की थी। जिसे उसने ग्राम खेड़की के जंगल में अंडर पास की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर लगभग दो सौ मीटर आगे झाड़ियों के पास छिपा कर रखा है। यह बाइक उसने नूरपुर में नुमाईश में से चोरी की थी। पुलिस ने इस बाइक को भी बरामद कर लिया है। इस सम्बंध में थाना नूरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 149/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।

### सहारनपुर का युनूस अरेस्ट


**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने लूट के मामले में सहारनपुर के थाना कुतुबशेर अंतर्गत ईदगाह रोड कॉलोनी निवासी युनूस पुत्र शराफत एवं थाना नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज अंतर्गत अंसा. रियों वाली गली निवासी फिरोज पुत्र मियां जान को गिरफ्तार किया है। स्थानीय नई बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र सोमदत्त ने शहर कोतवाली में 23 अप्रैल को तहरीर दी थी कि उनकी मां रजो देवी घर से निकल कर घेर की तरफ जा रही थी। तभी पीछे से आकर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी मां के कानों के सोने के कुंडल लूट लिए थे। शहर कोतवाली पुलिस ने धारा 304(2) बीएनएस में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने कानों के दोनों कुंडल एवं लूट में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली है। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि वह आपस में ममेरे व फुफेरे भाई है। तीन दिन पूर्व उन्होंने ही लूट की घटना को अंजाम दिया था और वह कुंडल बेचने की फिराक में थे। बदमाश फिरोज का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ सहारनपुर में गुंडा एक्ट की कार्यवाही भी हो चुकी है।

### वरिष्ठ नागरिकों की बैठक




**बिजनौर।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उ.प्र. की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवराम शर्मा के निवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता एवं लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज के संरक्षण और कौशल कुमार वर्मा के संचालन में हुई। अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों ने अपने विचार रखें और कविता पाठ किया। बीआर मेहरा ने कबीर के दोहे और आदेश कुमारी शर्मा ने बेटियों पर बहुत सुन्दर कविता प्रस्तुत की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 मई को गंगा दशहरा के पर्व पर सिविल लाइन्स में राहगिरों को प्रसाद स्वरूप ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया जाएगा। परिषद द्वारा यह कार्य पिछले चार वर्षो से लगातार इस पर्व पर किया जा रहा है। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा, संजीव कुमार शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। बैठक में धर्मवीर शर्मा, एमसी शर्मा, हीरा देवी, सुशीला देवी, आदेश कुमारी शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, कौशल कुमार वर्मा, सोमप्रकाश शर्मा, अर्जुन कुमार अग्रवाल, लेखा सिंह, सुषमा अग्रवाल, संजीव नंदा आदि ने भाग लिया।

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद। मा. अखिलेश यादव जी जिंदाबाद। समाजवादी पार्टी जिंदाबाद।






समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव जी की स्वीकृति से युवा, संघर्षशील, ईमानदार व वफादार नेता

हनी फैसल

को पार्टी का बिजनौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर

हार्दिक शुभकामनाएं

राहुल सिंह

वरिष्ठ सपा नेता, बिजनौर विधानसभा क्षेत्र

अपील-नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के सम्मान में आज आयोजित हो रहे स्वागत समारोह में भारी संख्या में भाग लेकर उसे कामयाब बनाएं।

## 498 नए आरक्षियों की परेड



**बिजनौर।** रिजर्व पुलिस लाइन, में आज उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया 2025 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 498 प्रशिक्षु आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। समारोह में अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने टोलीवार मार्च पास्ट कर सलामी दी। जिससे पूरे मैदान में जोश और गर्व का माहौल बन गया। कार्यक्रम के दौरान नव-नियुक्त आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने जवानों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। परेड में जवानों के समन्वय, अनुशासन और शारीरिक दक्षता ने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को प्रभावित किया। समारोह के सफल आयोजन के साथ ही 498 नए आरक्षी अब औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बन गए हैं, जिससे जनपद की कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## भीषण गर्मी से जन-जीवन प्रभावित



**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सुबह दस बजे के बाद घरों से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गर्मी की वजह से चक्कर आने व सिर में दर्द होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शाम पांच बजे तक भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप परेशान कर रही है। साथ ही भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था फ्लॉप हो चुकी है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं का शोषण करने वाला विद्युत विभाग इस गर्मी में बुरी तरह फ्लॉप हो गया है। बार-बार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं और भाजपा सरकार की छवि जनता के बीच खराब हो रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दिगम्बर पक्ष के खिलाफ ज्ञापन

## खिरनी प्रकरण में फिर नया मोड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** खिरनी क्षेत्र के जमीनी विवाद को लेकर एक नया मामला सामने आया है।

इस क्रम में ग्राम खलीलउल्लाहपुर निवासी किसान सुधीर कुमार ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर भाकियू (अराजनैतिक) के कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सुधीर के अनुसार उनकी भूमि से संबंधित वाद संख्या 85/2026 (संगीता बनाम सुधीर कुमार) सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 28 अप्रैल को निर्धारित है। सुधीर कुमार का आरोप है कि भाकियू (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही सहित कुछ पदाधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय के आदेश को चुनौती दी जा रही है और फसल काटने की बात कही जा रही है, जबकि न्यायालय द्वारा इस प्रकार का कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है तथा आम लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास प्रभावित हो सकता है।

उसने एसपी से मांग करते हुए कहा कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ गतिविधियों को तत्काल रोका जाए। सुधीर कुमार ने ज्ञापन के साथ न्यायालय से संबंधित दस्तावेजों एवं सोशल मीडिया पोस्ट के प्रिंट साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए हैं। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है।

# अवैध कोडीन सीरप के मामले में नांगल में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** अवैध कोडीन सीरप के मामले में नांगल पुलिस ने थाना हल्दौर के ग्राम मुकरंदपुर निवासी अनंत पुत्र बुद्ध सिंह एवं किरतपुर के मौहल्ला किला निवासी वामित अली पुत्र अब्दुल वाहब को गिरफ्तार किया है। औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती ने 23 नवम्बर को शहर कोतवाली पुलिस में तहरीर दी थी। जिसमें अवैध कोडीन सीरप को बेचने का आरोप लगाया गया था। शहर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। नांगल पुलिस ने इस मामले में यह दोनों गिरफ्तारियां की है।

# ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

## व्यवस्था बनाने में लगी रही पुलिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ब्राह्मण समाज ने परशुराम जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पुलिस व्यवस्था बनाने के लिए मुस्तैद रही।

भगवान परशुराम की शोभायात्रा आज ब्राह्मण समाज के द्वारा निकाली गई। शोभायात्रा का ब्राह्मण समाज व सनातनी बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में संपूर्ण जिले से सवर्ण समाज एवं सनातन प्रेमी शामिल हुए। शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई। शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र सुंदर एवं मनमो. हक झाकियां रही। शोभायात्रा को लेकर युवाओं में अलग ही जोश रहा। आज सुबह 10 बजे से ही ब्राह्मण परिपाटी के अनुसार पुरोहित संघ द्वारा हवन पूजन कराया गया। इसके पश्चात भक्ति मय भजन व संगीत कार्यक्रम एवं सूक्ष्म प्रस्तुतियां हुई। लगभग तीन बजे से शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बैंक्वेट हॉल पर समाप्त हुई। यहां पर आरती कर हलवा प्रसाद का वितरण किया गया।

## गैस गोदाम के पास लगी भीषण आग

**नजीबाबाद।** रायपुर रोड स्थित भारत गैस गोदाम के सामने खाली प्लॉट में बीती भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि अग्निशमन टीम की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बीती शाम करीब सात बजे फायर स्टेशन नजीबाबाद को सूचना मिली कि विजन कॉलेज के पास भारत गैस गोदाम के सामने झाड़ियों में आग लग गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में फायर सर्विस यूनिट तुरंत मोटर फायर इंजन के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर प्रभारी अग्निशमन नजीबाबाद केएस जादौन अपनी टीम के साथ पहुंचे। देखा कि खाली प्लॉट में खड़े झाड़-झंकार में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पास में स्थित भारत गैस गोदाम तथा विजन कॉलेज को सुरक्षित बचा लिया गया। प्लॉट बॉबी पुत्र वीरेंद्र कुमार का बताया जा रहा है। प्रथम दृष्टया आग लगने का संभावित कारण लापरवाही से धूम्रपान करना प्रतीत हुआ है। घटना के संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा. राजीव कुमार पाण्डेय को अवगत कराया गया।

# भारतेंद्र के किले में पंचायत की चेतावनी

## खिरनी प्रकरण में प्रशासन ने की जमीन की कुर्की, तहसीलदार रिसीवर नियुक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** खिरनी प्रकरण प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया है। एक तरफ अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करने के लिए बेताब पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह हैं और दूसरी तरफ भाकियू (अराजनैतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह है। इस बीच प्रशासन ने विवादित भूमि को कुर्क कर तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार खिरनी प्रकरण को लेकर आज जिला प्रशासन ने भाकियू (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि मौजा सलारपुर की गाटा संख्या 30 पर खड़ी गन्ने की फसल को प्रशासन स्वयं कटवाएगा। दोनों पक्षों में से कोई भी व्यक्ति खेत पर नहीं जाएगा तथा न्यायालय के आदेशानुसार फसल की राशि उस व्यक्ति को दे दी जाएगी, जिसे न्यायालय उचित ठहराएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि न्यायालय ने 23 मार्च को उनके पक्ष में आदेश दिए थे और वह स्वयं गन्ना कटवाने खेत पर नहीं गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विवाद को पूर्व सांसद ने हवा दी है और खेत पर पहुंच कर जमीन को जबरन विवादित बनाया गया। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन टकराव टालने के लिए स्वयं फसल कटवाना चाहता है, तो संगठन इसका स्वागत करता है और एक कदम पीछे हटने को तैयार है। लेकिन प्रशासन यह भी स्पष्ट करे कि पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह या उनके साथियों को जमीन कब्जाने और जमीन बेचने वालों को धमकाने की खुली छूट दे दी गई है।

जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने आरोप लगाया कि अंकित, संजय त्यागी और सुधीर कर्णवाल द्वारा जमीन बेचने वाले रिंकू और ओमप्रकाश को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसकी कॉल रिकॉर्डिंग और कॉल डिटेल एसपी तथा थाना अध्यक्ष मंडावर को दी गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रशासन पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे। भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा कि गन्ने की फसल कटवाने के प्रस्ताव से संगठन सहमत है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय के आदेश होने के बाद भी समरपाल सिंह की विधवा पुत्री संगीता का गन्ना कटवाने में प्रशासन सत्ता पक्ष के नेताओं के सामने बेबस नजर आ रहा है।

दूसरी तरफ पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साहनपुर स्थित किले पर पंचायत की चेतावनी दी गई है। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसी के घर का कानून नहीं चलने दिया जाएगा। यदि सच में पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के किले में ही कानून चलता है और जिला प्रशासन उनके किले से कानून चलने देगा, तो किसानों को मजबूर होकर उनके किले पर पंचायत लगाकर न्याय अथवा मौत मांगने के लिए विवश होना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मौत दे दो या न्याय, के नारे के साथ भाकियू (अराजनैतिक) जल्द ही साहनपुर किले पर महापंचायत करेगा, जहां किसान अपने कागजात लेकर पहुंचेंगे और वहीं तय होगा कि किसके कागजात सही हैं और किसके गलत।

बताया जाता है कि वार्ता में एसडीएम सदर रीतू रानी, नायब तहसीलदार सार्थक चावला और फैसल कमर, नजीबाबाद के सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, अतुल कुमार बालियान, उदयवीर सिंह, लोकेंद्र सिंह डोडबाल, समरपाल सिंह, हुकम सिंह, राकेश प्रधान, शुभम कुमार, विकास कुमार, अंकुर कुमार, देवानंद भुइयार आदि मौजूद रहे।

दूसरी तरफ एसडीएम सदर रितु रानी ने बताया कि नजीबाबाद के एसडीएम की रिपोर्ट के क्रम में 145 के तहत जमीन की कुर्की कर दी गई है और फसल के लिए तहसीलदार सदर को रिसीवर नियुक्त कर दिया गया है।

## एक नजर

### ट्रकों की भिड़ंत में परिचालक की मौत



**हल्दौर।** बिजनौर-नूरपुर स्टेट हाईवे पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक परिचालक की जान चली गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गांव धनौरी के समीप उस समय हुआ, जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। शाहजहांपुर निवासी 55 वर्षीय सुखराम ट्रक पर परिचालक के रूप में कार्यरत थे। लोहे से भरा ट्रक तेल समाप्त होने के कारण धनौरी के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। इसी दौरान नूरपुर की तरफ से बिजनौर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे से खड़े ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक सर्वेश कुमार व परिचालक सुखराम केबिन में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को केबिन से बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान सुखराम ने दम तोड़ दिया। चालक सर्वेश कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित करते हुए मार्ग सुचारु कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### शेरकोट का बदमाश अमन चौहान अरेस्ट

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने थाना शेरकोट के ग्राम उमरपुर निवासी अमन चौहान पुत्र गजेंद्र सिंह चौहान, थाना किरतपुर के ग्राम सहाबपुरा रतन निवासी केशव पुत्र राजेंद्र सिंह, नांगल के ग्राम अभीपुरा निवासी अक्षय पुत्र मंगल सिंह एवं शहर कोतवाली के ग्राम अलावलपुर निवासी हेमेंद्र पुत्र मदन सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अमन व अक्षय के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सन 2017 में शेरकोट में हत्या के एक मामले में भी वह जेल गया था।

### शव बरामद, हत्या की आशंका



**अफजलगढ़।** ग्राम खुशहालपुर निवासी अब्दुल मजीद (60 वर्ष) पुत्र अल्लाहदिया को शनिवार सुबह कुछ लोग मजदूरी के लिए कादराबाद ले गए थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच आज सुबह कादराबाद के समीप कालागढ़ मार्ग पर भूतपूर्व सैनिक द्वार के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, जिसमें उसकी पहचान अब्दुल मजीद के रूप में हुई। शाम को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी तहरीर लेने से इनकार कर दिया। वहीं, घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उधर थाना अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार राठी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग महिला की चक्कर आने से मौत

**नगीना।** मौहल्ला छिपीपाड़ा निवासी शरीफन (75 वर्ष) पत्नी स्व. शौकत, दोपहर के समय राशन लेने के लिए घर से निकली थीं। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के बीच चलते हुए अचानक उन्हें चक्कर आ गया। खुद को संभालते हुए वह रास्ते में एक दुकान के बाहर चबूतरे पर बैठ गईं, लेकिन देखते ही देखते उनकी तबीयत और बिगड़ गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते और उन्हें उपचार मुहैया कराते, उससे पहले ही शरीफन ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों को सूचित किया गया, जिसके बाद वे शव को घर ले गए। बताया जा रहा है कि मृतका की अपनी कोई संतान नहीं थी और वह अपने जेठ के परिवार के साथ रह रही थीं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट (बिजनौर)

**-: ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना:-**

पत्रांक:-82 (1) /न.पा.परि.शेर./ई-निविदा/2026-27 दिनांक: 25.04.2026

ई-निविदा हेतु समस्त ठेकेद्वार, बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि राज्य सेक्टर के ''सीवरेज एवं जल निकासी योजना'' के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त से प्राप्त धनराशि एवं नगर पालिका परिषद, शेरकोट, जनपद-बिजनौर को निदेशक स्थानीय निकाय उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-699/2026/001-Com.no.-2023552, 2026 लखनऊ, दिनांक-12 मार्च, 2026 के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त धनराशि से, यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड व नगर पालिका परिषद शेरकोट के पंजीकृत बिडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/ बेन्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए नगर पालिका परिषद शेरकोट (बिजनौर) द्वारा दिनांक 16.05.2026 की समय सायं 05:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक-17.05.2026 की प्रात: 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा खोलने की प्रक्रिया के समय उपस्थित रह सकते है। ऑनलाईन निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यावधिक चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, स्वघोषणा-पत्र, जी.एस.टी., पेनकार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र व श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (जिस पर कम से कम 05 श्रमिक हो) की स्कैन कॉपी, 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर.टी.जी.एस./एफ.डी.आर. की रसीद की स्कैन प्रति टेण्डर मूल्य की स्कैन प्रति ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दर, अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक-25.04.2026 से दिनांक-16.05.2026 समय सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म स्वामी अपनी निविदा दिनांक:- 16.05.2026 समय सायं 05.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन डाल सकते है। जिन ठेकेदार/फर्मों द्वारा तकनीकी बिड की शर्तों का पालन नहीं किया जायेगा उसकी वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender Referance | Sewage &Jal Nikasi 2025-26 |
| Published Date and Time for RFP | 25-04-2026 & 11:00AM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 16-05-2026 & 05:00PM |
| Date and time of Opening Tender | 17-05-2026 & 11:00AM |
| Place of Opening of E-Tender | Officer Nagar Palika Parishad Sherkot (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

लिपिक न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) | अवर अभियंता (सिविल/जलकल) न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) | अधिशासी अधिकारी न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर) | अध्यक्ष न.पा.प. शेरकोट (बिजनौर)



**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुकुल खन्ना पुत्र स्व. श्री विकास चन्द्र खन्ना मौहल्ला कटरा चेतराम,** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री कैलाश चन्द्र खन्ना, स्व. श्री विकास चन्द्र खन्ना पुत्रगण स्व. श्री गंगा प्रसाद खन्ना** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **10 कटरा चेतराम,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**



**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री हर्ष कुमार व नीरज कुमार पुत्रगण श्री राजेश कुमार मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री चमन लाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **1636/1 मकबरा,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**



**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ. प्रा. वि. चौंधेड़ी के प्रांगण में चिन्हित खड़े 16 यूके लिप्टिस वृक्षों व 01 नीम वृक्ष की नीलामी निर्धारित मूल्यांकन (59,170 /-) रुपए से दिनांक 29.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे उ.प्रा.वि. चौंधेड़ी पर सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। नीलामी में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने मूल आधार कार्ड सहित उपस्थित होंगे। नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु चिन्हित वृक्षों की भौतिक स्थिति स्वयं ही जांचे व प्रक्रिया में भाग ले। नीलामी के अन्य नियम व शर्तें नीलामी स्थल पर प्रक्रिया से पूर्व ही घोषित की जाएंगी।

**नोट- नीलामी प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निर्णय का सर्वाधिकार, स्थगित करने या निरस्त करने आदि का समिति के अध्यक्ष में अंतर्निहित है।**

**प्रधानाध्यापक**
**उ.प्रा.वि. चौंधेड़ी**
**विकास क्षेत्र - जलीलपुर (बिजनौर)**

# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में घायल अवस्था में मिले वृद्ध की मौत

## हाथी के हमले की आशंका, शुक्रवार से था लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में घायल हालत में मिले बुजुर्ग की अस्पताल में मौत हो गई। घटनास्थल पर उसकी साइकिल भी पड़ी मिली है।



प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक अख्तियार हुसैन (65 वर्ष) पुत्र नन्हे शाह उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के जसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर वन का निवासी है। मृतक के पुत्र नसीम शाह ने बताया कि उसके पिता अख्तियार हुसैन प्रतिदिन साइकिल से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थित एक मजार पर इबादत करने जाते थे। शुक्रवार को भी उसके पिता साइकिल से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थित मजार पर गए थे परंतु वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह परिजन अमानगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचे और वन दरोगा रवि कुमार को अख्तियार हुसैन के लापता होने की सूचना देकर उन्हें तलाश कराने का अनुरोध किया। जिस पर वन कर्मियों ने परिजनों और ग्रामीणों के साथ लापता हुए अख्तियार हुसैन की तलाश शुरू की। इस दौरान आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के कक्ष संख्या 17 में स्थित तालाब के पास अख्तियार हुसैन झाड़ियों के बीच बेहोश और घायल पड़े मिले। वहीं पर उनकी साइकिल भी पड़ी थी। परिजन और ग्रामीण अख्तियार हुसैन को जसपुर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अख्तियार हुसैन के ऊपर हाथी द्वारा हमला करने की आशंका व्यक्त की है।

मृतक अपने पीछे पत्नी आसमा खातून, तीन पुत्रों व तीन पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

जसपुर कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया गया है।

# मानियावाला में निराश्रित गोवंश पशुओं का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सड़क पर अचानक सामने आए गोवंश से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने कासमपुर गढ़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश को पकड़कर गौशाला में भेजने की मांग की है।





**आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से की सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश को पकड़कर गौशाला में भेजने की मांग**

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी मौहम्मद अरबाज (24 वर्ष) पुत्र इरफान बीती देर रात बाइक से अफजलगढ़ से घर वापस आ रहा था। गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर घूम रहे आवारा गौवंश से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अरबाज उछलकर सड़क पर जा गिरा और उसके सिर व पैर में गंभीर चोटें आईं।

मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अरबाज को कासमपुर गढ़ी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, युवक के सिर में गंभीर चोट है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गंभीर अवस्था में परियोजना द्वारा घायल को काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

गौरतलब है कि मानियावाला अफजलगढ़ राजमार्ग व ग्राम बादीगढ़ से लेकर भूतपुरी रामगंगा पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर निराश्रित गोवंश झुंड में घूमते या बैठे रहते हैं। प्रशासन की जिम्मेदार है कि गोवंश को बेसहारा सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए। इस गोवंश से टकराकर कई दुपहिया वाहन चालक अपनी जान गवा बैठे हैं या गंभीर रूप से घायल होकर अपंग बन जाते हैं। गौ रक्षक दल भी मौन धारण किए हुए हैं। गोवंश बछड़े और सांड भी किसानों की मेहनत की खेती को नुकसान पहुंचाते हैं।

इस संबंध में बीडीओ अफजलढ़ ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पशु पकड़ने वाली टीम को निर्देशित किया गया है। जल्द ही अभियान चलाकर मार्गों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर नजदीकी गौशाला भिजवाया जाएगा।

उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की है कि अपने पालतू पशुओं को खुला सड़क पर न छोड़ें अन्यथा उनके विरुद्ध कानून कारवाई की जाएगी।

# एम.ए. (एजुकेशन) तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित



## भावना गुप्ता रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमए (एजुकेशन) तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एमए (एजुकेशन) तृतीय सेमेस्टर की भावना गुप्ता ने 77.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, रिया प्रजापति ने 72.30 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवानी रानी व कनु सिंह ने संयुक्त रुप से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, विभागध्यक्ष एमएस अंसारी, सहायक प्रवक्ता डा. दीप शिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 20 दिन बाद हरकत में आया रेलवे

## नहटौर फाटक पर दिन-रात काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के नहटौर रेलवे फाटक के लंबे समय से बंद रहने से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर सामने आई है। करीब 20 दिनों से बंद पड़े इस फाटक को लेकर लगातार उठ रही शिकायतों और जनसमस्याओं के बाद अब रेलवे विभाग हरकत में आ गया है।



रेलवे द्वारा फाटक क्षेत्र में मरम्मत कार्य को तेज करते हुए दिन-रात काम शुरू कर दिया गया है। मौके पर बड़ी मशीनों और मजदूरों की टीम लगातार ट्रैक सुधार कार्य में जुटी हुई है। पिछले 24 घंटे से बिना रुके कार्य जारी है, जिससे जल्द ही फाटक खोलने की उम्मीद जताई जा रही है।

गौरतलब है कि नहटौर रेलवे फाटक पिछले 20 दिनों से बंद पड़ा था, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रोजाना हजारों लोगों को तहसील, एसडीएम कार्यालय, सीओ कार्यालय एवं सरकारी अस्पताल जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा था।

फाटक बंद होने के कारण खासकर पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को अधिक दिक्कतें उठानी पड़ रही थीं। लोगों का कहना था कि उन्हें कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय के साथ-साथ खर्च भी बढ़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। इससे पहले भी नवंबर और मार्च माह में 15 से 20 दिनों तक फाटक बंद रहा था, जिससे लोगों को इसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बार-बार फाटक बंद होने से लोगों में रेलवे विभाग के प्रति नाराजगी भी बढ़ रही थी।

इस मुद्दे को शाह टाइम्स द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब रेलवे विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए कार्य में तेजी ला दी है। अधिकारी भी लगातार मौके पर नजर बनाए हुए हैं और कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रैक मरम्मत कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही फाटक को खोल दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' कागजों तक सीमित?

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** केंद्र सरकार के 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' और 'एक कदम सफाई की ओर' जैसे अभियानों की गूंज भले ही काग. जों और बैठकों में सुनाई दे रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। जनपद में सफाई व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल अब धीरे-धीरे खुलकर सामने आने लगे हैं।

सूत्रों और कर्मचारियों के अनुसार, जो सफाई कर्मी वास्तव में ड्यूटी पर तैनात हैं, उन्हें उनके मूल कार्य से हटाकर अन्य कार्यों में लगाया जा रहा है। आरोप है कि किसी को कंप्यूटर ऑपरेटर बना दिया गया है, किसी को जनरेटर चलाने में लगा दिया गया, तो कुछ को दफ्तरों और निजी कार्यों में व्यस्त रखा जा रहा है। इसका सीधा असर गांवों की सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा है, जो कमजोर होती दिखाई दे रही है।

एक कर्मचारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिन कर्मचारियों को मूल कार्य से हटाकर अन्य जगहों पर लगाया जाता है, उनसे कथित रूप से 'सुविधा शुल्क' लिए जाने की भी चर्चा है। कर्मचारी का आरोप है कि बिना किसी लाभ के अधिकारियों की 'मेहरबानी' मिलना मुश्किल है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

इस संबंध में जब अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, तो अक्सर स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाता। कभी फोन रिसीव नहीं होता, तो कभी 'मुझे जानकारी नहीं' कहकर मामला दूसरे अधिकारी पर डाल दिया जाता है। इससे विभागीय पारदर्शिता और जवाब. देही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

एक तरफ स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर सामने आ रहे आरोप इन दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इन गंभीर आरोपों को लेकर क्या कदम उठाते हैं।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा आज राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय 'समुदाय-आधाारित हस्तक्षेप के माध्यम से व्यवहारिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के बोझ को कम करना।' रहा। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं नर्सिंग क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।



कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक राजीव कुमार (संस्थापक निदेशक) ने संस्थान की प्रगति तथा स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन ज्ञान-विनिमय के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य है।

सह-संरक्षक डा.सीमा शर्मा ने सम्मेलन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। डा. नीतू देवी (नर्सिंग कंसल्टेंट, उ.प्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ) ने व्यवहारिक स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों एवं उनके समाधान पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर विशेष जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं आपात स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए।

डा. सफिया खानम (प्राचार्य, कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग, डा. राजेश कुमार शर्मा (प्रो.हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, देहरादून) डा. मेहविश खालिद (प्राचार्य, डीन, स्कूल ऑफ नर्सिंग, देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय, देहरादून), डा.जसलीन एम (प्राचार्य, तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑप नर्सिंग, मुरादाबाद) डा. सुमा वशिष्ट (विभागाध्यक्ष, मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद) ने भी अपने विचार रखे।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों, चर्चाओं एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के प्रबंधन तथा सामुदायिक स्तर पर उनके समाधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

## पैसा लेकर काम न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला हवेलीतला निवासी मुफ्ती उवैस अहमद पुत्र स्व. रईस अहमद ने एसपी को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होंने अपने आशियाना कालोनी नजीबाबाद में स्थित एक मकान का निर्माण कराने के लिए 130 रूपए स्कवायर फिट के हिसाब से मौहल्ला निवासी महबूब अहमद ठेकेदार को निर्माण कराने को 1 सितम्बर 2024 को ठेका दिया था। इस कार्य के लिए उन्होंने ठेकेदार को करीब 9 लाख रूपए कैश दे दिये थे। जिसके बाद ठेकेदार ने कुछ निर्माण करा दिया है। बाद में ठेकेदार ने उनका काम बीच में छोड़ दिया जिससे उन्होंने विवश होकर अपना काम दूसरे ठेकेदार से कराया। अब उक्त ठेकेदार उनके पैसे नहीं लौटाना चाहता, अगर वह पैसे मांगने जाते है तो उनके साथ गाली-गलौच व मारपीट कर धमकी देता है। ठेकेदार की धमकी से उनमें व उनके परिवार वालों में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने कहा कि ठेकेदार की नीयत में खोट आ गई है। उन्होंने एसपी से थाना प्रभारी नजीबाबाद को आरोपी ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराने के लिए आदेशित किए जाने की मांग की।

# अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव

## गमले बनाने की प्रतियोगिता में केपीएस इंटर कॉलेज की 100 से अधिक छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के 30 वर्ष एवं अग्रवाल विवाहिकी पत्रिका के 20 वर्ष पूर्ण होने पर नजीबाबाद मार्ग स्थित एक प्रतिष्ठान में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ रणविजय सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना अधिकारी रहे।





कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा कि यदि स्वयं वे, संस्थाएं एवं सरकार मिलकर कार्य करें तो अभी समाज में बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के बारे में प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि कोई संस्था पिछले 30 वर्षों से बिना किसी सरकारी सहायता के निरंतर चल रही है। तो यह संस्थान की ईमानदारी एवं निरंतरता को दर्शाता है। डा.पंकज भारद्वाज ने संस्थान की 30 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि वे पिछले लंबे समय से संस्थान द्वारा किए गए कार्यों के स्वयं साक्षी हैं। वैश्य मंच द्वारा संस्थान की संस्थापिका सविता अग्रवाल एवं टीम को 30 वर्ष पूर्ण होने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार अवनीश गौड़ ने कहा कि उनके पास बहुत से समाचार आते हैं। संस्थान के बारे में प्रारंभ में उनका नजरिया था कि कोई संस्था इतना कार्य नहीं कर सकती है, परंतु जब उन्होंने प्रत्यक्ष में संस्था के 30 वर्ष के निरंतर कार्यों को देखा, तो उन्होंने महसूस किया कि यह एक मिसाल है। उन्होंने एक बार सविता अग्रवाल के स्वास्थ्य के बारे में भी सुना कि उनका स्वास्थ्य बहुत खराब है। उसके बावजूद वे निरंतर इतनी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने श्रीमती अग्रवाल के देहदान करने के संकल्प की भी सरहाना की। पत्रकार राहुल चौधरी ने भी संस्थान की बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईश्वर सिंह ने संस्थान सदस्यों को 30 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई प्रेषित की एवं कहा कि वे प्रयास कर रहे हैं कि शीघ्र ही एक वेब सीरीज का निर्माण बिजनौर की धरती पर किया जाए। कार्यक्रम का सुंदर संचालन देवेश अग्रवाल द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त राजीव अग्रवाल नजीबाबाद, सरिता अग्रवाल, रामपुर, राज. कुमार गोयल, जगदीश अग्रवाल, राजवर्धन भटनागर, विवेक गुप्ता, विभोर जैन आदि ने भी संस्थान को 30 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी एवं अपने-अपने विचार रखें। इस वर्ष के श्रेष्ठ कार्यकर्ता सर्वेश कुमार गुप्ता एवं अलका अग्रवाल दोनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अनुपयोगी बोतलों से गमले बनाने की प्रतियोगिता में केपीएस इंटर कॉलेज की 100 से अधिक छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज, वैश्य सभा के प्रदेश कार्यकारिणी से राजकुमार गोयल, अजय गोयल, दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ टिंकू, हरिद्वार शनि धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, राजीव गोयल नजीबा. बाद, विवेक गुप्ता, राजीव अग्रवाल, कौशल अग्रवाल गंज, सविता अग्रवाल गंज, अनुराग गुप्ता, संजय विश्नोई, अरविंद कुमार, सजल अग्रवाल, ओम अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, अजय अग्रवाल कनिष्क ज्वैलर्स, तरुण गुप्ता, सुमन चौधरी, गुरुकुल नवलपुर के प्राचार्य सविता आर्य एवं संस्थान के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी एवं वर्षा अग्रवाल, मीना बक्शी, राजुल त्यागी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ मंदिर एवं संस्कार शाला आश्रम पर श्रीमद् हनुमद् भक्ति प्रचार मंडल के बैनर तले साप्ताहिक शनिवारीय सात बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर श्रीमद् हनुमत भक्तिप्रचार मंडल ने आचार्य श्री को श्रीश्री 108 मंडलेश्वर उपाधि मिलने की खुशी में स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही नगर के प्रसिद्ध वयोवृद्ध डा. एके सक्सेना ने पगड़ी और पट्का पहनाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीश्री 108 मंडलेश्वर आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज श्रीशिवशक्ति पीठाधीश्वर ने कहा कि हमें प्रभु ने धर्म प्रचार के लिए चुना है अतः हमें निरंतर धर्म पालन में तत्पर रहना चाहिए। धर्म का मूल गौ सेवा है गौ की सेवा, सुरक्षा, सम्मान के लिए हमें निरन्तर आवाज उठानी चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कल (आज) गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम चलाया है। इसके अंतर्गत देश में प्रत्येक तहसील में सम्बंधित अधिकारी को मुख्यमंत्री, प्रधान मंत्री तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन देना है। धामपुर तहसील में एक विशाल यात्रा के साथ ढोल-नागाड़ों के बीच कीर्तन भजन करते हुए, गौ माता की जै जैकार करते हुए जाएगे। हनुमान चालीसा पाठ में प्रीतम सैनी विजय शर्मा, सुनील कुमार, रामप्रकाश वर्मा, नंदकिशोर, सतीश रस्तौगी, सतेंद्र शर्मा, पप्पू चौहान, संदीप भारद्वाज, को परवेंद्र सिंह चौहान, गौ सेवक गौतम गिरि, गौ सेवक शौर्य अत्रि, पंडित निकुंज शर्मा, पंडित प्रणव भारद्वाज, भूमिका भारद्वाज, कविता भारद्वाज, मनु चौहान, सोनम शर्मा आदि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन निखिल अरोड़ा ने किया। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद ग्रहण कर सब ने धर्म लाभ कमाया।

### मोटर साईकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कासमपुर गढ़ी।** बादीगढ़ चौराहे के निकट बाइक खड़ी कर बाजार गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद बाइक न मिलने पर उसने पुलिस से शिकायत कर बाइक बरामद करने की मांग की है। जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानी नांगल निवासी मुन्ना अली पुत्र अब्दुल कलाम ने थाना रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 16 अप्रैल को वह धामपुर से आता हुआ बादीगढ़ रुका और एक बाग के पास अपनी बाइक खड़ी कर बादीगढ़ बाजार में सामान लेने के लिए चला गया। जब वह सामान खरीद कर लौटा, तोब मौके पर बाइक नहीं थी। काफी तलाश किया गया, मगर कोई अता-पता नहीं लग पाया। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि मुन्ना अली द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उसकी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# किले के कायाकल्प के बाद अतिक्रमित मकानों पर चला बुल्डोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सौंधन मौहम्मदपुर में सदियों पहले व्यापार का संगम हेतु बनाए गए किले के जीर्णोद्वार होने के पश्चात आसपास के ग्रामीणों द्वारा बनाए गए अवैध मकान पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाया गया। पुलिस बल व राजस्व टीम की मौजूदगी में जेसीबी से दो मकान ध्वस्त किए गए तो वहीं दो अन्य लोगों ने खुद हटाना शुरू कर दिया।

**०सौंधन मौहम्मदपुर में डीएम के निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई**

सौंधन में जर्जर स्थिति में पहुंच चुके किले का बीते दिनों लगभग 29 लाख रुपए से जीर्णोद्वार किया गया था। जिसे कारवां सराय गेट के नाम से जाना जाता है। 2 दिन पहले कायाकल्प होने के बाद कारवां सराय गेट का जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा निरीक्षण किया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद कर्म सराय के आसपास बने अवैध मकानों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिसमें लगभग 30 से 32 मकान किले की भूमि पर अवैध रूप से बना लिए गए थे। राजस्व विभाग की टीम द्वारा बताया गया कि कारवां सराय गेट के लिए साढ़े पांच बीघा भूमि पहले से है। लेकिन आधी से अधिक भूमि पर अवैधा कब्जा है। जो कि एएसआई के संरक्षण में है। अवैधा रूप से बनाए गए मकानों के स्वामियों के लिए जिलाधिकारी ने पट्टा देने का भी राजस्व टीम को निर्देशित किया था। रविवार को राजस्व विभाग टीम और पुलिस टीम के बीच बुलडोजर ने दो घरों को ध्वस्त कर दिया तथा दो अन्य लोग स्वयं अपने मकान को तोड़ने लगे। मकान के ध्वस्त होने के बाद जिन लोगों पर रहने के लिए कोई भूमि नहीं है, उन्हें ग्राम समाज की भूमि से ही भूमि आवंटित की जाएगी। जहां बुलडोजर द्वारा गांव निवासी शिवराम तथा केहर सिंह के मकान को ध्वस्त कर दिया गया। बुलडोजर चलते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। जहां कुछ ग्रामीणों ने कुछ दिन का अपने मकान स्वयं तोड़ने हेतु समय मांगा है।



सम्भल। ग्राम सौंधन मौहम्मदपुर में किले के आसपास अतिक्रमण कर बनाये गए मकानों को ढहाता बुल्डोजर।

# अभियान थमते ही पुराने ढर्रे पर लौटे ई-रिक्शा व ऑटो

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** तहसील गुन्नौर क्षेत्र में ऑटो चालक नियमों को दरकिनार कर क्षमता से दोगुनी सवारियां बैठाकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। हाल ही में हादसों के बावजूद प्रशासन की ढिलाई और अवैध वसूली के कारण हालात जस के तस बने हुए हैं।

क्षेत्र में ऑटो चालक थोड़े लाभ के लिए सवारियों की जान जोखिम में डालकर वाहन दौड़ा रहे हैं। चालक सात सवारियों को बैठाकर ऑटो दौड़ाते नजर आए, जबकि ई-रिक्शा में आठ व नो सवारियां दिखाई दी। ऑटो में नियम तीन का है। लोगों का आरोप है कि अधिकारी बड़े हादसों के बाद अभियान चलाते हैं, लेकिन मामला शांत होते ही सब कुछ पुराने ढर्रे

**०आगे तीन व पीछे चार सवारियां बैठाकर भर रहे फर्राटें**

पर आ जाता है। ऑटो चालक कुछ रुपयों के लालच में मानकों को दरकिनार कर क्षेत्र के हर रूट पर छह से सात सवारियों को बैठाकर ऑटो दौड़ा रहे हैं। ड्राइवर सीट के बगल में अतिरिक्त सीट लगाकर दो से तीन सवारियां बैठाने से सबसे अधाक खतरा होता है। जगह नहीं बचने पर सामने से वाहन आते ही चालक अक्ष्टो को नियंत्त्रि नहीं कर पाते और हादसा हो जाता है। हर चौराहे पर स्थानीय थाना और यातायात पुलिस की तैनाती के बावजूद कोई उन्हें रोकने का प्रयास करता नहीं दिखा। ऑटो चालकों के खिलफ़ अभियान चलाया गया। क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले चालकों, बिना लाइसेंस अप्रशिक्षित चालकों के चालान काटे गए थे। मुख्यमंत्री के आदेश पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान भी चला था। कुछ दिन सुर्खियां बटोरने के बाद अधिकारी सभी अभियानों को भूल गए।

# परीक्षा केन्द्रों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट की तीन दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन भी परीक्षा सकुशल संपन्न हो गयी। जबकि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों का अंधेरे में ही पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। जबकि परीक्षा का पारदर्शी और नकली विहीन सम्पन्न कराने को व्यापक स्तर पर प्रबंध किये गए। शांति और कानून व्यवस्था के लिए भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। मुख्य गेट से लेकर परीक्षा केन्द्र के बाहर आसपास पुलिस कर्मी तैनात रहकर मुस्तैद रहे। दोपहर को जिलाधिकारी डा.



राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा दूसरे दिवस की परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय का भ्रमण कर निरीक्षण किया। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ कन्ट्रौल रूम में सी सी टी वी कैमरों आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दुल्हन की कलाइयों पर छाया कश्मीरी चूड़ियों का जादू

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सहालग के सीजन में कश्मीरी चूड़ियों ने दुल्हनों की कलाइयों पर अपना खास रंग जमा लिया है। चूड़ियों पर पारंपरिक कारीगरी, आधुनिक शैली और किफायती दाम का अनूठा संगम खूब पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया और ब्राइडल फोटो शूट्स के बढ़ते प्रभाव के कारण इनकी मांग में जबरदस्त उछाल आया है, जिसने बाजारों में बिक्री को नई गति दी है। दुकानदार सोनू ने बताया कि कश्मीरी चूड़ियों की सबसे बड़ी खासियत उनकी सादगी में छिपी खूबसूरती है। इनकी हल्की बनावट, चमकदार फिनिश और विभिन्न रंगों की विविधता इन्हें लंबे समय तक पहनने के लिए आरामदायक बनाती है। यही गुण इन्हें दुल्हनों के साथ-साथ शादी-विवाह में शामिल होने वाली युवतियों के लिए भी पसंदीदा बना रहे हैं, जो इन्हें अपने लुक का अहम हिस्सा बनाना चाहती हैं।

# कैमिस्ट के हित में एसोसिएशन के होंगे फैसले

**०भव्य कार्यक्रम की हुई सराहना, आय व्यय का वितरण प्रस्तुत**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में 5 मार्च को सम्पन्न हुए कैमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रत्येक केमिस्ट हित समर्पित रहने का संगठन के पदाधिकारियो ने संकल्प लिया। कार्यक्रम संबंधी आय व्यय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संबंधी योजना, रचना, व्यवस्था आदि की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। ड्रग विभाग के अधिकारियों के भरपूर सहयोग की भावना को नमन किया गया। यशोदा होटल में आयोजित केमिस्ट एसोसिएशन की समीक्षा बैठक में अपने विचार रखते हुए प्रियरत्न आर्य ने कहा कि केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम की सफलता पर प्रत्येक केमिस्ट को प्रसन्नता है। कार्यक्रम में ड्रग इंस्पेक्टर जयेंद्र कुमार तथा पूरन चंद्र की गरिमामय उपस्थिति एवं उत्तम विचार प्रत्येक केमिस्ट को सहयोग देने की पुनीत भावना को नमन कर संबंधित



सम्भल- कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में विचार-विर्मश करते।

अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्य अध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन प्रत्येक केमिस्ट के हित समर्पित रहेगी। उन्होंने प्रत्येक माह में दो बैठक करने तथा वर्ष में दो बार बड़े कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने स्वीकार किया। मोहम्मद शाहनवाज आलम ने आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया। सुबोध पाल ने कार्यक्रम की योजना, रचना, भोजन, मंच सज्जा, स्वागत, संचालन, विचार उदबोधन सहित सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा एवं सराहना की। सत्यवीर पाल, मोहम्मद नसीम, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, अतुल कुमार त्यागी, सौरभ गुप्ता, हेमंत वार्ष्णेय, आदि ने समीक्षा बैठक में अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम की अपेक्षा से अधिक सफलता पर गर्व और गौरव व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने की और संचालन अनिल कुमार अग्रवाल ने किया।

# बच्चों की पैदाइश पर नहीं होनी चाहिए कोई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एक बच्चा फौज के लिए, एक दीन के लिए बहस छिड़ गयी है। अब सवाल जिम्मेदारी और जनसंख्या का बन गया है। इसे लेकर धार्मिक उलेमा मुफ्ती नूरी ने कहा कि बच्चों की पैदाइश पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए और हर परिवार को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने अपने कहा कि एक बच्चा देश की सेवा के लिए फौज में जाना चाहिए, जबकि दूसरा बच्चा दीन और धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित होना चाहिए। उनके अनुसार, इससे समाज और देश दोनों को मजबूती मिलेगी। हालांकि, इस बयान के बाद जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नई बहस छिड़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जहां एक कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के चार बच्चे पैदा करने वाले बयान के बीच अब एक बच्चा फौज के लिए और एक दीन के

**०धीरेन्द्र शास्त्री के बाद मुफ्ती नूरी का आया बयान**

लिए वाला बयान सुर्खियों में आ गया है। जबकि मुफ्ती आलम रजा नूरी की ओर से बयान ने मामले को और अधिक गरमा दिया है। मुफ्ती नूरी ने कहा कि बच्चों की पैदाइश पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए और हर परिवार को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। मुफ्ती नूरी ने जनसंख्या नियंत्रण की अवधारणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह इंसान के बस में नहीं, बल्कि ईश्वर के हाथ में है। उनके इस बयान ने सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। बच्चे पैदान करने को लेकर हो रही बयान बाजी ने कई सवालों का जन्म दे दिया है और एक नइस बहस छिड़ गयी है।

## किसान आन्दोलन में समरपाल सिंह ने निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** भाकियू असली के संस्थापक सदस्य की आंधी में पेड़ से टकराकर मौत हो गयी। संस्थापक सदस्य की मौत पर भाकियू असली में शोक छा गया। भाकियू असली के संस्थापक सदस्य चौधरी समरपाल सिंह उर्फ मुलायम सिंह यादव का 17 अप्रैल को फत्तेपुर भाउ मन्दिर से शाम को आते आंधी में बाईक पेड़ से टकरा गयी थी। हादसे में घायल समरपाल सिंह की मेरठ के संस्कार अस्पताल में निधन हो गया था। उनका तिगरी घाट पर अन्तिम संस्कार कर दिया गया। समरपाल सिंह उर्फ मुलायम सिंह द्वारा भाकियू असली के दिल्ली किसान आंदोलन व गत वर्ष गन्ना विभाग के हिटलर शाही आदेश के विरोध में भदरोला गन्ना क्रय केंद्र असमोली चीनी मिल से पुनः जोड़ने व मध्ध्य गनगा नहर की किसानो की भुमि अधिग्रहण में 42 प्रतिशत सोलवेसियम रेट , पुनर्वास रेट व सरकील रेट का चार गुना रेट दिलवाने के आन्दोलन में मुख्य भूमिका निभाई थी

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में देवर भाभी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** थाना रजपुरा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में देवर और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां देवर की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेतुआ निवासी ब्रजेश पुत्र महेश अपनी भाभी पिंकी पत्नी दुर्गेश निवासी रसूलपुर को छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। वह रजपुरा पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर रसूलपुर की ओर जा रहे थे इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह बाइक कथित तौर पर गलत दिशा में चल रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

**०देवर की हालत नाजुक जिला अस्पताल किया रैफर**

हादसे के बाद दूसरी बाइक पर सवार लोग मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घायलों की मदद की स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायल ब्रजेश के भाई मुनेश ने बताया कि उनके भाई की हालत काफी गंभीर है और डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फरार बाइक सवारों की तलाश जारी है। वहीं पिंकी को भी चोटें आई हैं जिनका इलाज जारी है घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार बाइक सवारों की तलाश कर रही है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# लगातार पांचवे दिन पारा रहा 41 डिग्री सेल्सियस के पार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** दिन के बाद अब रात में भी गर्मी सताने लगी है। लू का कहर लगातार पांचवें दिन जारी रहा। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री के पार पहुंच गया है। लगभग सात महीने बाद न्यूनतम तापमान में 25 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार किया है। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान बढ़ने के साथ ही रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। लगातार पांचवें दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।

**०लू का कहर जारी, मुश्किलों का लोग कर रहे सामना**

इस वजह से दिन में घर से निकले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि 26 अप्रैल तक मौसम ऐसे ही बना रहेगा। 27 से बदलाव दिख सकता है। 28 से 30 अप्रैल तक आसमान में बादल छाए रहने के आसार हैं। इस दौरान गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश दर्ज की जा सकती है। इससे तापमान में गिरावट दिखेगी।

## ट्यूबवैल चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम में टयूबवैल से स्टार्टर चोरी करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

कस्बे की चौकी क्षेत्र के ग्राम मुकर्रबपुर निवासी हसन अली ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही मौ. फरमान पुत्र मौ. इस्लाम, महासिंह पुत्र कल्लू, सोनू पुत्र करन सिंह व शाने आलम पुत्र लियाकत पर खेत पर बनी ट्यूबवैल की कोठरी का ताला तोड़कर चार स्टार्टर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर चौकी प्रभारी मौहम्मद शाह फैसल ने रूचिन, कामेन्द्र, अनिल, पुष्पेन्द्र व ओमकार आदि हमराहियों के साथ चोरी के आरोपियों को गांव के पास बनी अम्बेडकर मूर्ति के पास से चार अदद स्टार्टर के साथ गिरफ्तार किया है।

# किसी भी व्यापारी की समस्या पर खड़े मिलेंगे साथ

**०अनंत अग्रवाल को सौंपी व्यापारी सुरक्षा फोरम की कमान**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने जिला अध्यक्ष पद पर जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी अनंत अग्रवाल को नियुक्त किया है।

बताया गया कि संगठन के वरिष्ठ सदस्य शोभित गुप्ता ने उनकी दावेदारी का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रदेश अध्यक्ष डा. अनिल कुमार जैन ने स्वीकार किया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद फहीम, प्रदेश उपाध्यक्ष कमर नकवी और प्रदेश संयोजक मनोज टंडन भी मौजूद रहे। सभी की सहमति से अनंत अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंपकर जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। अनंत अग्रवाल ने कहा कि वे जल्द ही जिला व नगर कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे और



सम्भल- व्यापारी सुरक्षा फोरम का जिलाध्यक्ष बनाकर अनंत अग्रवाल का स्वागत करते।

सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी व्यापारी को समस्या होने पर संगठन का हर पदाधिकारी उसके साथ खड़ा मिलेगा। इस घोषणा के बाद जिले भर के व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में फहद कैसर, हाजी बब्बू, नबील अहमद, समीर खान, अजीम एडवोकेट, नवनीत कुमार गुप्ता, हर स्वरूप माधुर असमोली नगर अध्यक्ष मुत्तलिब पाशा नगर चेयरमैन राहिल भारतीय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में व्यापारी सुरक्षा फोरम जनपद में और अधिक सक्रिय होकर व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगा।

# भयंकर गर्मी के साथ बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से समस्या गहरा रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उफ शरीर को झुलसाने वाली यह गर्मी और बिजली का संकट लोगों के लिए दुश्वारियां बढ़ाता जा रहा है। निर्धारित शैड्यूल के विपरीत हो रही आपूर्ति से लोगों की परेशानियां बढ़ रही हैं।

माह अप्रेल में मई जून से अधिक खतरनाक गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ रही गर्मी में बिजली का संकट सुधरने के बजाए लगातार गड़बड़ाता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से राहत पाने का एकमात्र सहारा बिजली आपूर्ति को लेकर किसान संगठन धरने-प्रर्दशन के साथ आन्दोलन की चेतावनी दे रहे हैं। लेकिन आपूर्ति दिनो-दिन बिगड़ती जा रही है। सुबह सवेरे गुल होने वाली बिजली घंटो गायब रहती है। बीच में कई बार ट्रिपिंग सारा मज़ा पल भर में ही किरकिरा कर देती है। निर्धारित समय गुल होने वाली बत्ती को समय से पूर्व ही सप्लाई को विराम लगा दिया जाता है। जबकि शाम होने पर कई-कई बार की ट्रिपिंग से कई समस्यायें खड़ी हो जाती हैं लेकिन विभाग को कोई मायने नही रखता है। सामाजिक संगठन हो या फिर राजनैतिक दल कई बार विद्युत विभाग को चेता चुके हैं, लेकिन सुधारात्मक तरीके अभी भी नही अपनाए जा सके। लगातार हो रही ट्रिपिंग और कटौती के संकट का असर पैयजलापूर्ति को भी प्रभावित कर रहा है। जबकि दिन भर तेज गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों के लिए जाने लेवा बनते जा रहे हैं। इतना सबकुछ होते हुए बिजली के संकट को टालने के लिए अभी भी कोई प्रयास नही किए जा रहे। जिससे किसान संगठनों का आक्रोश अंदर ही अंदर निरंतर प्रगति कर रहा है।

# मन की बात का बूथों पर श्रवण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के नवीनतम एपिसोड का श्रवण आज बबराला मंडल के विभिन्न बूथों पर किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुना। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशुतोष वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र एवं नितिन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरित करने का माध्यम बन चुका है,



सम्भल- पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

जिसमें देश के विकास, नवाचार, स्वच्छता एवं जनभागीदारी जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ें।कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# चौराहों पर होती है यात्रियों को असुविधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल** मुख्य चौराहे पर यात्रियों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। स्थानीय निकाय प्रशासन इस और कोई ध्यान नही दे रहा।

यूं तो सम्भल में मुख्य चौराहों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोई प्रबंध नही किये गए हैं इसीलिए सम्भल आने-जाने वाले सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को कष्टों का सामना करना पड़ता है। चौराहों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी तरह की कोई सुविधाओं का इंतेज़ाम नही किया गया है। चौधरी सराय चौराहे को ही ले लीजिये इस चौराहे पर सबसे अधिक आवागमन रहता है,क्योंकि इस चौराहे से दिल्ली को अधिक यात्री-यात्रा करते हैं। जबकि बदायूं, इस्लाम नगर, अनूपशहर, अलीगढ़ समेत अनेको स्थाने को जाने वाली अधिकतर सरकारी अथवा गैर सरकारी वाहन उपलब्ध हैं। चौधरी सराय चौराहे पर स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई स्वच्छ पैयजल की व्यवस्था करायी है। इतना ही नही सांय को चौराहे के निकट मुख्य मार्ग पर लग रहे आइस्क्रीम के काउंटर सड़क का संकरा कर रहे हैं लेकिन रोकथाम को कोई इंतेजाम नहीं है।

# दहेज में बुलट न मिलने पर विवाहिता को सुलाया मौत की नींद

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहित को मारने का आरोप लगाकर मृतका के पिता ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम कैलमुडी निवासी सत्यपाल पुत्र भगवान दास ने अपनी बेटी रेनू का विवाह 25 मई 2025 को कृष्ण निवासी ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर के साथ किया था। विवाह में उसने अपनी हैसियत से बढ़कर मोटरसाईकिल सहित ढाई लाख नकद तथा घरेलू सभी सामान दिया था। आरोप है कि दिए गए सामाने से रेनू के पति सहित ससुराली नाखुश थे। जिसके चलते उपरोक्त लोग आये दिन दहेज की अतिरिक्त मांग में बुलेट मोटर साईकिल की मांग करके प्रताड़ित करते रहते थे।उनकी बेटी परिवार की इज्जत की खातिर बर्दास्त करती रही लगभग एक माह पूर्व उपरोक्त लोगो ने एक राय होकर उनकी बेटी रेनू से बुलेट मोटर साईकिल की मांग की और उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद वह रेनू की ससुराल आया और बातचीत की तो रेनू के पति कृष्ण सहित

**०पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला किया दर्ज**

सभी लोगो ने गलती मानी और दुबारा ऐसी हरकत करने से मना किया। जिसके बाद पिता अपनी बेटी रेनू को कुछ दिन के लिए अपने साथ अपने गांव ले आया।19 अप्रैल.2026 को दामाद उनकी बेटी रेनू को अपने साथ बापस बुलाकर ले गया परन्तु अपने घर ले जाने के बाद पति सहित सभी लोगो ने पुन प्रताड़ित करना व ताने देना शुरू कर दिया। जिसके बारे में उसकी बेटी रेनू ने छुपकर फोन पर रोते हुए बताया कि यह लोग अब भी मेरे साथ अत्याचार कर रहे हैं तथा बुलेट की मांग को लेकर मारपीट कर रहे हैं और कह रहे है कि कृष्ण का विवाह एक जगह से हो रहा था जहां पर दहेज के साथ 10 लाख नकद मिल रहे थे तेरे बाप ने दिया ही क्या है ।कैसे भी करके अपने बाप से बुलेट मंगा। आरोप है कि 25 अप्रैल को समय लगभग दोपहर 01 बजे की है। पति,सास,देवत व दो ने मिलकर बुलेट की मांग पूरी न होने पर अपने घर के कमरे में में ले जाकर उसके साथ मारपीट कर जबरन कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उनकी बेटी रेनू की हालत गम्भीर हो गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। पिता ने आरोपियों के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

# पुलिस लाइंस में आयोजित हुई पासिंग आउट परेड

## नवप्रशिक्षित आरक्षियों की दीक्षांत परेड पूरे उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ हुई संपन्न





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में रविवार को नवप्रशिक्षित आरक्षियों की दीक्षांत परेड पूरे उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस भव्य समारोह के साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके रिक्रूट आरक्षी औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का अभिन्न हिस्सा बन गए।समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजीव सभरवाल रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। परेड के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने उत्कृष्ट अनुशासन, शानदार समन्वय और सधी हुई ड्रिल का प्रदर्शन कर उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नव आरक्षियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से उनके जीवन का एक नया और जिम्मेदारी भरा अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने जवानों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से नवप्रशिक्षित आरक्षियों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी गईं।दीक्षांत परेड का नेतृत्व प्रथम कमांडर राहुल शर्मा ने किया, जबकि द्वितीय कमांडर शुभम मान एवं तृतीय कमांडर तनेश कुमार ने उनका सहयोग किया। शपथ ग्रहण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी नव आरक्षियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, कानून के पालन, जनसेवा तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को सम्मानित भी किया गया। इनडोर (लिखित परीक्षा) में अनुज, आउटडोर (ड्रिल) में दिग्विजय चौधरी तथा सर्वांग सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए गौरव कुमार को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षकगण, नव आरक्षियों के परिजन एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने जहां पुलिस बल में नई ऊर्जा का संचार किया, वहीं युवाओं के समर्पण, अनुशासन और देश सेवा के जज्बे का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी देखने को मिला।

## एक नजर

### होमगार्ड परीक्षा में उमड़ी भीड़, मुरादाबाद रेलवे मंडल ने चलाईं स्पेशल ट्रेनें,1800 अभ्यर्थियों ने किया सफर

**मुरादाबाद।** यूपी होमगार्ड परीक्षा के मद्देनजर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने त्वरित कदम उठाते हुए अतिरिक्त परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देशन में यह व्यवस्था की गई, जिससे अभ्यर्थियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। रेलवे द्वारा 26 और 27 अप्रैल 2026 को लखनऊ-मुरादाबाद तथा मुरादाबाद-लखनऊ मार्ग पर चार विशेष ट्रेनों (04351, 04352, 04353, 04354) का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली और रामपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को लाभ मिल रहा है। रविवार को मुरादाबाद स्टेशन से दोपहर 13:15 बजे गाड़ी संख्या 04352 को रवाना किया गया, जिसमें करीब 1800 अभ्यर्थियों ने रेलवे की निगरानी में सुरक्षित यात्रा शुरू की। रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जरूरत पड़ी तो और अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन भी किया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे टिकट बुकिंग के लिए त्ंपसव्दम मोबाइल ऐप का उपयोग करें, जिससे स्टेशन पर भीड़ से बचते हुए आसानी से टिकट प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा, सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 139, स्टेशन हेल्प डेस्क, आरपीएफ और रेलवे स्टाफ हर समय उपलब्ध हैं। रेलवे ने यात्रियों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की है।

### भाभी से मारपीट, आरोपी देवर गिरफ्तार, पति समेत अन्य फरार

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव में भाभी से मारपीट के आरोप में पुलिस ने आरोपी देवर रोहित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दनकौर पुलिस के अनुसार, कनारसी गांव की निवासी रेखा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। रेखा ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसके पति, देवर और एक अन्य व्यक्ति ने घरेलू विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की थी। इस मारपीट में रेखा को चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में इलाज कराना पड़ा।

### समाजसेवी अमन खुराना ने पेश की सेवा और शिक्षा की मिसाल

**चन्दौसी।** समाजसेवी अमन खुराना ने एक ही दिन में दो महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल पेश की। शाम को वृद्धाश्रम में निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि चौकी प्रभारी राजीव त्रिपाठी मौजूद रहे। वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अजीम और उनकी टीम ने वृद्धजनों को उपचार देकर राहत पहुंचाई। अमन खुराना ने कहा कि बुजुर्गों की समस्याओं को देखते हुए शिविर आयोजित किया गया। वृद्धजनों ने इस पहल की सराहना की। इसके बाद रात में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह ने 'द मोमेंटम लाइब्रेरी' की नई शाखा का उद्घाटन किया। इस दौरान सलोनी खुराना सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। डीएसपी ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का लाभ उठाकर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने बताया कि उन्हें पढ़ाई के लिए बेहतर और शांत वातावरण मिला है। अमन खुराना ने लाइब्रेरी संचालन को पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप बताया। डीएसपी ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ईमानदार प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। दोनों कार्यक्रमों ने सामाजिक सरोकारों और जनसेवा की प्रेरक मिसाल पेश की।





### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**चन्दौसी।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी (रजि.) द्वारा लाठी बाजार स्थित कार्यालय पर निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज राजीव त्रिपाठी एवं सलोनी खुराना ने किया। शिविर में एंटी रैबीज टीकाकरण, टिक उपचार, डिवॉर्मिंग और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा दी गई। संस्था अध्यक्ष अमन खुराना ने बताया कि पालतू श्वान 'जैकी' की स्मृति में शिविर आयोजित किया गया। मुरादाबाद के पशु चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी ने लगभग 40 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया तथा पशुपालकों को टीकाकरण व देखभाल की जानकारी दी। शिविर में पालतू पशुओं के साथ स्ट्रे पशुओं का भी उपचार किया गया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पशु संरक्षण और जागरूकता की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया। इस दौरान अनिल खुराना, अशोक सैनी, कपिल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पासिंग आउट परेड के बाद थानों को मिल जाएंगे आरक्षी

**कांठ (शाह टाइम्स)** रविवार को पासिंग आउट परेड के बाद मुरादाबाद जिले को 492 सिपाही मिल जाएंगे। एसएसपी सतपाल अंतिल ने शनिवार को ही आदेश जारी कर इन्हें थानों में तैनात कर दिया। एसएसपी ने कोतवाली को 14, मुगलपुरा थाने को 14, नागफनी में 14, कटघर को 31, गलशहीद को 13, सिविल लाइंस को 31, महिला थाना को पांच, पाकबड़ा को 24, मूंढापांडे को 29, बिलारी, कुन्दरकी, मैनाठेर, भगतपुर, कांठ, छजलैट और डिलारी थाने को 31-31 सिपाही दिए हैं। रविवार को पासिंग आउट परेड के बाद ये सभी अपनी आमद दर्ज कराएंगे।

## दीक्षांत परेड में रिक्रूट आरक्षियों ने दिखाया दम मंडलायुक्त ने दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की सी

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में प्रशिक्षण प्राप्त रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह रविवार को बहजोई स्थित ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह ने परेड की सलामी लेकर जवानों के अनुशासन, तालमेल और प्रशिक्षण की सराहना की। समारोह की शुरुआत परेड प्रदर्शन से हुई, जिसमें नवप्रशिक्षित आरक्षियों ने शानदार मार्चपास्ट और आकर्षक प्रस्तुतियों के जरिए अपने कठोर प्रशिक्षण की झलक दिखाई।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की मौजूदगी में परेड का निरीक्षण किया गया। जवानों की सुसज्जित टोलियों ने अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सुरक्षा का दायित्व है। उन्होंने नवआरक्षियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सभी नवप्रशिक्षित आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा, जनसेवा और कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई। मार्चपास्ट के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, जवानों के परिजनों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह ने पुलिस सेवा के प्रति समर्पण और गौरव का संदेश दिया।

## अनुशासन और समर्पण की मिसाल: 24वीं वाहिनी पीएसी में दीक्षांत परेड का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 24वीं वाहिनी पीएसी में रविवार को आरटीसी प्रशिक्षुओं की दीक्षांत परेड बड़े ही भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला, जहां प्रशिक्षुओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी पीएसी मुख्यालय अनीस अहमद अंसारी ने मान-प्रणाम ग्रहण करते हुए परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं की अनुशासनबद्ध और सशक्त परेड की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं डीजीपी उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के प्रेरणादायी संबोधन भी साझा किए गए, जिनसे प्रशिक्षुओं में कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव की प्रेरणा जागृत हुई।सेनानायक रमेश प्रसाद गुप्ता ने प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशिक्षुओं को शारीरिक क्षमता, अनुशासन, कानून-व्यवस्था और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों में दक्ष बनाया गया है, ताकि वह भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा सकें।परेड के अंत में प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई गई और मुख्य अतिथि को सलामी देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर उपसेनानायक अनूप सिंह, वामासारथी अध्यक्षा माया गुप्ता, शिविरपाल मो. हकीमुद्दीन, निरीक्षक गोपनीय सुधीर सिंह, सूबेदार मेजर संदीप सिंह, सहायक शिविरपाल विनीत कुमार, आरटीसी प्रभारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित रहे।यह दीक्षांत परेड नए प्रहरीयों के लिए कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रतीक बन गई।



## होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न डीएम-एसपी ने केंद्रों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 के तहत आयोजित तीन दिवसीय भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जनपद सम्भल में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। 10-10 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 7297 अभ्यर्थियों में से 5615 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 1682 अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में 3648 अभ्यर्थियों में से 2805 उपस्थित और 843 अनुपस्थित रहे, जबकि उपस्थिति 76.89 प्रतिशत दर्ज की गई। द्वितीय पाली में 3649 अभ्यर्थियों में से 2810 ने परीक्षा दी और 839 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में 77 प्रतिशत उपस्थिति रही। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए और पूरी परीक्षा पारदर्शी व निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई।

परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने राजकीय महाविद्यालय सम्भल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों की सुविधाओं तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने कहा कि भर्ती परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




## आईएफटीएम में डीप-टेक इनोवेशन चैलेंज आयोजित, 63 विद्यार्थियों ने पेश किए नवाचार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन (आईएफटीएम-बीआईएफ) द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस (एससीएसए) के सहयोग से श्डीप-टेक इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरती तकनीकों और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देना था।कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि डीप-टेक इनोवेशन भविष्य की अर्थव्यवस्था का आधार है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, नवाचार की समझ तथा स्टार्ट-अप संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। कंप्यूटर एप्लिकेशंस के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडे ने कहा कि इस पहल से छात्र-छात्राओं में समस्या-समाधान क्षमता, क्रिटिकल थिंकिंग एवं इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित जोहरी ने किया। अंत में डॉ. अभिषेक मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में डॉ. भारत भूषण अग्रवाल, श्रीमती सुगंध अहलावत, श्रीमती मेघा गुप्ता, श्री विरल गुप्ता एवं श्री आयुष सक्सेना की विशेष भूमिका रही।



### गर्मी का कहर, अस्पतालों में बढ़े बुखार और डायरिया के मरीज

**चन्दौसी।** प्रचंड गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में बुखार, डायरिया, उल्टी और लूज मोशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर बच्चों में डायरिया के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन अलर्ट मोड पर है और अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। जनपद में इन दिनों भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिन ही नहीं, रात में चलने वाली गर्म हवाओं से भी लोग परेशान हैं। न घरों में राहत है और न बाहर। गर्मी के कारण लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं, जिसका असर अस्पतालों की ओपीडी पर साफ दिखाई दे रहा है।पहले जहां अस्पतालों में प्रतिदिन 80 से 90 मरीज पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 110 से 120 तक पहुंच गई है। इनमें डायरिया, लूज मोशन, उल्टी और बुखार से पीड़ित मरीज अधिक हैं। चिकित्सा अधिकारी ''हरविन्द्र सिंह'' ने बताया कि भीषण गर्मी से बचने के लिए बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलें। अधिक से अधिक पानी पीएं और शरीर में पानी की कमी न होने दें।उन्होंने सलाह दी कि सत्तू, गन्ने का रस, फलों का जूस, इलेक्ट्रोल पाउडर, बेल का शरबत और आम का पना जैसे तरल पदार्थों का सेवन नियमित रूप से करें। साथ ही बाहर का खुला भोजन खाने से बचें और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बुजुर्गों का कहना है कि कई वर्षों बाद अप्रैल माह में इतनी भीषण गर्मी देखने को मिल रही है।

# मोबिल व टायर फैक्ट्री में भीषण आग

## कई जिलों की दमकल टीमों ने घंटों मशक्कत कर पाया काबू

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल रोड स्थित नेशनल हाईवे के पास जीरो पॉइंट पर रविवार को सुबह 04:30 बजे मोबिल बनाने और टायर गलाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। भीषण गर्मी और तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। करीब 05:30 बजे तक पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई और आसमान में उठता काला धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा। सुबह लोगों ने आंख खोली तो आसमान में काले बादलों जैसा दृश्य दिखा, लेकिन वह बादल नहीं बल्कि जहरीला धुआं था, जिसने आसपास ही नहीं शहर के दूसरे छोर तक वातावरण को प्रभावित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री में भारी मात्रा में पुराने टायर जमा थे, जिनमें अचानक आग भड़क उठी और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। बताया गया कि यहां टायर रिसाइकिल और पुराने मोबिल से नया मोबिल तैयार करने का कार्य होता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस फैक्ट्री से लंबे समय से प्रदूषण फैल रहा था और शिकायतें भी की गईं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आग की सूचना पर संभल, मुरादाबाद और रामपुर से दमकल की गाडिय्यां मौके पर पहुंचीं। संभल जनपद की छह दमकल गाडिय्यों सहित कई टीमें आग बुझाने में जुटीं। एसडीएम नीतू रानी, फायर विभाग और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर फैक्ट्री की ओर जाने वाले रास्ते बंद कर दिए। दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन करीब दो घंटे तक धुएं का गुबार वातावरण में फैलता रहा। फैक्ट्री के आसपास रिहायशी इलाके होने से लोगों में दहशत रही। स्थानीय लोग भी आग बुझाने में सहयोग करते नजर आए, लेकिन आग की भयावहता इतनी थी कि उस पर काबू पाना आसान नहीं था। फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे आग की सूचना मिली। वहीं प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि फैक्ट्री में अग्निशमन सुरक्षा उपकरण पर्याप्त नहीं थे, जो बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महाजन निवासी नितिन अग्रवाल और सचिन अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार की थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल रोड पर भारत पेट्रो प्रोडक्ट नाम से मोबिल बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री में पुराने टायरों से मोबिल तैयार किया जाता है। यह घटना केवल आगजनी नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, औद्योगिक सुरक्षा और पर्यावरणीय खतरे की बड़ी चेतावनी है। टायर और रसायनों में लगी आग से निकलने वाला धुआं अत्यंत विषैला होता है, जो श्वसन रोग, आंखों में जलन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। आबादी क्षेत्र में इस प्रकार की फैक्ट्री का संचालन अपने आप में गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। आखिर ऐसे कारखाने को अनुमति कैसे मिली, सुरक्षा मानकों की जांच क्यों नहीं हुई और शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। रिहायशी क्षेत्रों के निकट संचालित खतरनाक इकाइयों की नियमित जांच, फायर सेफ्टी ऑडिट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कड़ी निगरानी जरूरी है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि यदि समय रहते सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो भविष्य में ऐसे हादसे और भी भयावह रूप ले सकते हैं।

प्रशासन को चाहिए कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे, साथ ही क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण और प्रदूषण प्रभाव का आकलन भी कराया जाए। यह केवल एक फैक्ट्री में लगी आग नहीं, बल्कि जनसुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतावनी है।










### बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री नौशीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने तथा मेरा कहना न मानने के कारण दूसरे धर्म में सनी सैनी से शादी करने के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए हैं। भविष्य में नौशीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक वव वास्ता नहीं रहेगा।

**श्रीमती अच्छी बी पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद फुरकान निवासी बारादरी चौराहा थाना कोतवाली तहसील व जिला मुरादाबाद।**
मोबाइल नंबर 9760271853

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र **मोहम्मद कासिम** व पुत्रवधू **श्रीमती मेहनाज जहां** को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शब्बीर अहमद पुत्र वजीर अहमद व श्रीमती बानो बेगम पत्नी शब्बीर अहमद निवासीगण ग्राम व थाना मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# शास्त्री नगर में पुलिया पर खड़ी कार में लगी आग 10 मिनट में दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री नगर पुलिया पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पुल पर खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही मिनटों में वाहन जलकर पूरी तरह राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार पुलिया पर खड़ी थी, तभी उसमें से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास मौजूद लोग वाहन के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। घटना के दौरान पुल से गुजर रहे लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम और मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने बिना देर किए आग बुझाने का अभियान शुरू किया और कड़ी



मशक्कत के बाद करीब 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से आग आसपास के अन्य वाहनों या संपत्ति तक नहीं फैल सकी।फायर स्टेशन ऑफिसर ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि कार में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।स्थानीय निवासी राजेश पाल ने बताया कि आग अचानक लगी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। पुलिस भी पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, लाखों के जेवर नकदी पर किया हाथ साफ

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है। थाना छजलैट के गांव दयनाथपुर निवासी यशपाल सिंह की दीवार फांदकर चोर घर में घुस गए और घर में रखे नगदी एवं जेवर लेकर बड़े आराम से चले भी गए आंख खुली तो कमरे की हालत देखकर गृह स्वामी के होश उड़ गए उसने घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन उसी रात में चोरों ने धर्मा के घर को भी निशाना बनाया धर्मा और उसकी पत्नी कमरे के बाहर सोए हुए थे मगर चोर उसके भी घर में दिवार फांद कर घुस गए और कमरे से तीन संदूक उठाकर ले गए पीडित के मुताबिक उसके संदूको में नगदी और जेवर रखा हुआ था जिन पर चोरों ने आराम से हाथ साफ किया सुबह को आसपास तलाश की तो खाली संदूक गन्ने के खेत में पड़ें मिल गए। एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी से गांव में दहशत फैल गई पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। पीड़ितों ने चोरों का पता लगाकर कानूनी कार्रवाई कराई जाने की मांग की है।



## एक नजर

### आला अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं बन रहा काम लोग हुए हैरान

**कांठ( शाह टाइम्स )** जिले के आला अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है जिसे देखकर अब जनता में हैरानी शुरू हो गई है। बतादे की कई माह से सड़क के चौड़ीकरण का काम रुका हुआ है लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी नगर के मुख्य मार्ग पर सड़क के चौड़ीकरण के काम को रुक जाने से हो रही है करीब 800 मी का टुकड़ा आधा बना हुआ पड़ा है आधी सड़क तैयार है और आधी सड़क पर पत्थर फैला है जिससे बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं और बड़े वाहनों को भी पलटने का खतरा बना हुआ है इस मामले की शिकायत नीचे से लेकर लोग जनपद के आला अधिकारियों तक कर चुके हैं पिछले तहसील दिवस में जिलाधिकारी के सामने भी यह मुद्दा उठाया गया था उन्होंने संबंधित विभाग को इस कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कोई काम शुरू इस मार्ग पर नहीं हुआ है जिसे देखकर लोग हैरान है।

अब लोगों में चर्चा है कि जब उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी काम नहीं हो रहा तो फिर वह निचले स्तर पर किसी परेशानी का समाधान कैसे पा सकते हैं।

### होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर का मर्म चिकित्सा शिविर आयोजित



**मुरादाबाद।** ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के तत्वाधान में होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर एव मर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन सैक्टर 13 नया मुरादाबाद में आयोजित में किया गया। इस शिविर में डॉक्टर आर के शर्मा व डॉक्टर नूतन आर्य ने रोगियों की जांच करके दवाइयों का वितरण किया। तथा वायरल रोगों खासतौर पर डेंगू से बचाव की दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। उपरोक्त शिविर में एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा विधि द्वारा रोगियों के विभिन्न रोगों का इलाज करके तुरंत लाभ दिलाया गया शिविर में ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आर. के शर्मा ने बताया की उनके द्वारा होम्योपैथिक दवाईयों की नई शक्तियों के आविष्कार के द्वारा होम्योपैथी के रोगियों को पूर्व के मुक.ाबले जल्दी ठीक किया जाता है। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ एक्यूप्रेशर व मर्म चिकित्सा का समावेश करने से सभी प्रकार के रोगों यहां तक की गंभीर एवं असाध्य रोगों में बहुत लाभ दिलाया जा सकता है। शिविर में बड़ी संख्या में संचारी रोगों के बचाव की दवाई का नि:शुल्क वितरण किया गया तथा सफल एक्यूप्रेशर चिकित्सा से रोगियों को तुरन्त लाभ दिलाया। शिविर का संचालन एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ अभिनय आर्य द्वारा किया गया।एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ पुष्कर राम,चरण सिंह, दीपाली, करन कोहली , सिद्धार्थ, एवं , प्रेम ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा की। इस शिविर के आयोजन में चौधरी ओमपाल सिंह एव नकुल शर्मा जी की सक्रिय भूमिका रही।

### तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बिलारी।** क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीव कुमार ( लगभग 23 वर्ष ), पुत्र चरण सिंह, निवासी समाथल, स्योंडारा से अपने गांव समाथल लौट रहा था। बताया जा रहा है कि अलारामपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। उधर, पुलिस घटना की जानकारी जुटाने और मामले की जांच में लगी हुई है।

### शिव पार्वती रसोई ने किया अन्न-जल वितरण, जरूरतमंदों को खिलाया भोजन

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई द्वारा श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ उड़द-चने की दाल, चावल एवं शीतल जल का वितरण किया गया। संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह जरूरतमंदों एवं राहगीरों के लिए यह पुण्य



कार्य निरंतर किया जाता है।श्मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्मश: पुष्प यादवसंस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। भूखे को भोजन और प्यासे को जल पिलाना ईश्वर की सच्ची आराधना है। उन्होंने सभी से अपील की कि समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें।आज की रसोई सेवा में प्रत्यूष यादव, डॉ. सत्यवीर चौहान, अंकुर यादव, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, विवेक गुप्ता, पारस त्यागी, विनय कश्यप, हरिओम शर्मा, शुभम चौधरी एवं ओमप्रकाश सिंह सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।संस्था के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि सेवा, सहयोग और सद्भाव का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

### गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर आर्य समाज में रोष

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड में साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन हुआ। यज्ञ पं. वीरेंद्र आर्य ने लोकेश आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से संपन्न कराया। शिवम् आर्य व मथुरा प्रसाद आर्य ने



भजन प्रस्तुत किए। डॉ. राम मुनि ने सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। सत्संग में वैदिक मिशनरी और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने गोवा सरकार को सनातन विरोधी बताया। कहा कि गौतम खट्टर भारतीय संस्कृति के रक्षक हैं। विदेशियों द्वारा आज भी धर्मांतरण की कोशिश की जा रही है। जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने बताया कि मंगलवार को गौतम खट्टर की गिरफ्तारी के विरोध और रिहाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम डीएम मुरादाबाद को ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही सभी तहसील मुख्यालयों पर आर्य समाज द्वारा उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।इस अवसर पर ज्ञानेंद्र गांधी, डॉ. अभय श्रोत्रिय, डॉ. राम मुनि, रमेश आर्य, डॉ. आलोक कुमार, कपिल मुनि, ज्ञानप्रकाश रस्तोगी, दिनेश दीक्षित, यशपाल आर्य, अर्जुन सिंह, रजनीश आर्य, वीरेंद्र आर्य, जितेंद्र आर्य विभु, संतोष कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर के पीछे बांधकर गायों को काटने ले जा रहा था, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** गौ तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव टांडा अफजल का है, जहां रात के समय एक व्यक्ति दो गायों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर काटने के लिए ले जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, पकडे गए व्यक्ति का नाम वसीम बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और ट्रैक्टर को सूरज नगर चौकी में खड़ा करा दिया। सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी गई। गौरतलब है कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में गो तस्कर लगातार पकड़े जा रहे हैं, लेकिन उनकी हरकतों में कोई कमी नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने ठाकुरद्वारा पुलिस से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में गौ तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल, पुलिस द्वारा इस मामले की जांच शुरू करने की उम्मीद जताई जा रही है।



## जेसीबी से मेढ़ तोड़कर खड़ी कर दी दीवार, बुजुर्ग ने लगाया भूमि कब्जाने का आरोप, तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में भूमि कब्जे की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। ताजा मामला ग्राम मिस्सरवाला का है, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। उत्तरखंड के काशीपुर निवासी न्यू वैशाली कॉलोनी निवासी शिव कुमार पाल की पत्नी के नाम ग्राम मिस्सरवाला में गाटा संख्या 58, रकबा 0.1800 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। यह भूमि ठाकुरद्वारा- मुरादाबाद नेशनल हाईवे के पास स्थित है, जिससे इसकी उपयोगिता और कीमत भी अधिक मानी जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी भूमि धारक द्वारा 25 अप्रैल



को जेसीबी मशीन लगाकर पुरानी मेढ़ को तोड़ दिया गया और उनकी भूमि के लगभग 10 फीट अंदर तक नींव खुदवाकर करीब 4 फीट ऊंची दीवार खड़ी कर दी गई। इस अवैध निर्माण के चलते प्रार्थी की भूमि का फ्रंट लगभग 110 फीट से घटकर 100 फीट रह गया, जिससे उसे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। पीड़ित ने बताया कि जब उसे इस घटना की जानकारी मिली और वह 26 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे मौके पर पहुंचा, तो संबंधित व्यक्ति अपने 5-6 साथियों के साथ वहां मौजूद मिला आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, गाली-गलौज की गई और डराने-धमकाने के उद्देश्य से रायफल तान दी गई। साथ ही उसे चेतावनी दी गई कि यदि वह दोबारा खेत पर आया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। घटना से घबराया पीड़ित किसी तरह मौके से अपनी जान बचाकर निकला और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित एक वरिष्ठ नागरिक है और शुगर व हृदय रोग से पीड़ित बताया जा रहा है, ऐसे में उसे अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, भूमाफिया जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए तथा उसकी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को तत्काल हटवाया जाए। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नहरों में छोड़ा गया पानी, गन्ना व पशुचारा बचाने को किसानों को मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और लंबे समय से बारिश न होने के कारण गन्ने की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। इसके साथ ही पशुओं के लिए हरे चारे का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। खेतों में नमी खत्म होने लगी थी और कई जगह फसलें मुरझाने लगी थीं। ऐसे हालात में सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़े जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। नहरों में पानी आने के बाद खेतों तक सिंचाई का काम तेज हो गया है, जिससे गन्ने की फसल को समय पर पानी मिलना शुरू हो गया है। इससे सूखने की कगार पर पहुंची फसल को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी मंत्री हरिराज सिंह, किस हरपाल सिंह का कहना है कि यदि समय पर पानी नहीं छोड़ा जाता, तो गन्ने की पैदावार पर भारी असर पड़ता और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता। वहीं, पशुओं के लिए हरे चारे की कमी भी गंभीर समस्या बनती जा रही थी, जो अब धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समय पर लिया गया यह निर्णय उनके लिए काफी राहत भरा साबित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि नहरों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे भी फसलों और पशुपालन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। नहरों में पानी छोड़े जाने से क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर फिर से उम्मीद की किरण नजर आने लगी है और वे अब अपनी फसलों को बचाने के लिए राहत महसूस कर रहे हैं।

## लाखों के गहने चोरी कर घरेलू सहायिका फरार

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-107 स्थित सोसाइटी में एक फ्लैट से गहने और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। फ्लैट मालिक ने घरेलू सहायिका पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोसाइटी में रहने वाले अंकुश ओबेरॉय अपने परिवार के साथ फ्लैट में रहते हैं। उनके यहां पहले शिल्पी नाम की महिला घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। करीब एक साल पहले शिल्पी ने ही सला.ेनी को काम पर रखवाया था। शनिवार को अंकुश ने जब अपने घर की सेफ खोली तो उसमें रखा गहनों का बैग गायब मिला।उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने और उनकी पत्नी ने गहनों को देखा था। गहने नहीं मिलने पर परिवार ने घर में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शक के आधार पर जब सलोनी से पूछताछ की गई तो उसने चोरी से इनकार कर दिया। इसके बाद अंकुश की पत्नी ने सलोनी के घर जाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से तनिष्क का एक बैग बरामद हुआ, जिसमें गहनों के अलावा एक घड़ी, करीब नौ हजार रुपये नकद और एक पुराना आधार कार्ड मिला।

## योग सत्र में सभासद देवेश शर्मा का सम्मान लकी ड्रा में विजेताओं को मिले पुरस्कार

**बिलारी।** नगर की योगशाला में योग परिवार संगठन के तत्वावधान में संचालित नियमित योग सत्र के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बिलारी के सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट पहुंचे, जिनका योग परिवार संगठन की ओर से विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन की महत्वाकांक्षी "भाग्यशाली लकी ड्रा योजना" के चतुर्थ ड्रॉ का आयोजन भी संपन्न हुआ। ड्रॉ की प्रक्रिया मुख्य अतिथि देवेश शर्मा के कर-कमलों द्वारा पूरी कराई गई। इसमें प्रथम भाग्यशाली विज.ेता के रूप में बत पाल सिंह तथा द्वितीय विजेता के रूप में शोभा दीक्षित का चयन हुआ। दोनों विज.ेताओं को मौके पर ही आकर्षक गिफ्ट हैंपर भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभासद देवेश शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति



और संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सहयोग का आश्वासन दिया तथा योग परिवार संगठन की व्यवस्थाओं के संचालन हेतु 5100 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में वरिष्ठ योग शिक्षक एवं सभासद निहाल सिंह लाठर ने संगठन के प्रति सहयोग के लिए देवेश शर्मा का आभार व्यक्त किया। मंच पर समाजसेवी एवं सनातन धर्म प्रचारक पंडित मो.हनलाल शर्मा, निहाल सिंह लाठर, देवेश शर्मा एवं बत पाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच.ालन नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। योग परिवार संगठन की ओर से देवेश शर्मा को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में रानी चौधरी, सरोज सिंह, गीता रानी, राशि शर्मा, प्रीति चौधरी, ममता फोगाट, पूजा जैन, रेखा सक्सेना, कंचन चौधरी, संजू चौधरी, अनीता चौधरी सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार चंद्रवंशी, राम प्रताप सिंह, रामचंद्र, बाबूलाल चक्रवर्ती, विनीत कुमार, दिनेश गिरी, राकेश कुमार गुप्ता, संजीव सिंघल एवं सुधीर कुमार गुप्ता की सक्रिय भूमिका रही। अंत में रामप्रताप सिंह गुड्डू और विनीत कुमार गुड्डू ने संयुक्त रूप से सभी योग साधकों का आभार व्यक्त किया।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर नहीं आई बारातए दुल्हन पक्ष में पसरा मातम

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव में दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर बारात नहीं पहुंचीए जिससे दुल्हन पक्ष के घर में खुशी का माहौल पलभर में मातम में बदल गया। शादी की सभी तैयारियां पूरी होने के बावजूद बारात न आने से परिवार और रिश्तेदारों में मायूसी छा गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान.दहेज देने का पूरा प्रयास किया था। शादी की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और रिश्तेदारों सहित मेहमानों को निमंत्रण देकर दावत की व्यवस्था भी कर दी गई थी। परिवार का कहना है कि बारात आने से एक दिन पहले लड़के पक्ष ने अचानक ''दस लाख रुपये'' की अतिरिक्त मांग रख दी। जब मांग पूरी नहीं की गई तो लड़के पक्ष ने बारात लाने से इनकार कर दिया। बारात न आने की सूचना मिलते ही घर में अफरा.तफरी मच गई। सजावटए खानपान और अन्य सभी तैयारियां धरी रह गईं। दुल्हन पक्ष के लोगों का रो.रोकर बुरा हाल हो गया। पीड़ित परिवार ने थाना बनियाठेर पुलिस से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पारा 40 के पार, भीषण गर्मी ने बेहाल कियाय लोग घरों में कैद

**ठाकुरद्वारा।** बढ़ते तापमान और लू जैसी गर्मी ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है।

गर्मी से बचने के लिए लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। हालात ये हैं कि दोपहर बाद सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा है, जरूरत पड़ने पर ही कोई घर से बाहर निकल रहा है, चिल्ल.चलाती धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल कर दिया है। लोग जब भी घर से बाहर निकलते हैं, गर्म हवाओं से बचने के लिए गमछे या कपड़े से अपना चेहरा और सिर बांधने को मजबूर हैं। घरों के अंदर भी हालत बेहाल हैं - कूलर और पंखे तेज रफ्तार से चल रहे हैं, लेकिन राहत नाम की कोई चीज नहीं है। लोग दिन में दस-दस बार ठंडे पानी से नहाकर गर्मी से कुछ पल की निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भीषण गर्मी मानो हर बार उन्हें उसी तपिश में झोंक देती है। गर्मी के इस प्रकोप ने शहर की चहल-पहल पर भी ग्रहण लगा दिया है। दिन के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा है। दुकानें तो खुली हैं, पर ग्राहकों की संख्या नगण्य है। लोग अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए ही बाहर निकल रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी ने दिनचर्या को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। गर्मी से निपटने के लिए लोग तमाम घरेलू उपाय अपना रहे हैं। सड़कों पर ठंडा जूस और गन्ने के ठेले दिन में ही चहकने लगे हैं। लोग तपती दोपहर में नींबू पानी, छाछ और शिकंजी का जमकर सेवन कर रहे हैं। वहीं, घरों में गुलकंद, सत्तू और पुद.ीने के शरबत का चलन तेज हो गया है। आम जनता पूरी उम्मीद लगाए मानसून का इंतजार कर रही है, ताकि इस भभकती गर्मी से कुछ राहत मिल सके। वही मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए हीटवेव और लू की चेतावनी जारी की है।

नागरिकों को दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच घरों से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने और खुद को हाइड्रेट रखने की अपील की गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चेन्नई को हरा गुजरात ने चौथी जीत दर्ज की

### गुजरात ने 16.4 ओवर में 159 रन का लक्ष्य पाया सुदर्शन की फिर 87 रनों की शानदार पारी



**चेन्नई, वार्ता।** कगिसो रबाडा (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (87) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 37वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस की यह टूर्नामेंट में चौथी जीत है। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 16.4 ओवरों में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। सातवें ओवर में नूर अहमद ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गिल ने 23 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में अकील हुसैन ने साई सुदर्शन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साई सदुर्शन ने 46 गेंदों में चार चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 87 रनों की पारी खेली। जॉस बटलर ने नाबाद 39 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 30 गेंदों का सामना किया और चार चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले आज यहां ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 74) की कप्तानी पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया।

गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 37 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। संजू सैमसन (11), उर्विल पटेल (चार), सरफराज खान (शून्य) और डेवाल्स ब्रेविस (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शिवम दुबे ने कप्तान गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में अरशद खान ने शिव दुबे को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा।

शिवम दुबे ने 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 22 रन बनाये। 18वें ओवर कगिसो रबाड़ा ने कार्तिक शर्मा नौ गेंदों में 15 रन को आउट किया। जेमी ओवरर्टन ने छह गेंदों में 18 रन बनाये। उन्हें अरशद खान ने आउट किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धाारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंदों में छह चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन विकेट लिए। अरशद खान को दो विकेट मिले।

## भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लूस ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। तेजमिन ब्रिट्स (30), कायला रेनेके (21) और कप्तान लॉरा वुलफॉर्ट (18) रन बनाकर आउट हुई। एलिज मारी मार्क्स ने नाबाद 21 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने चार ओवरों में 19 रन देकर पांच विकेट झटके। क्रांति गौड़ , श्री चारणी, काश्वी गौतम और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शनिवार देर रात खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## खेल विशेष

### मानस और आहना बने सर्वश्रेठ एथलीट

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोती लाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) ने अपनी वार्िक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। तीन दिवसीय आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए मानस कुमार (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम वा) ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (पुरुष) का खिताब जीता। वहीं आहना बराल (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम वा) ने चार प्रतियोगिताओं में प्रथम तथा एक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (महिला) का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासित मार्च-पास्ट, ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण समारोह से हुई। मुख्य अतिथि प्रो- बलराम पाणि ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिट अतिथि के रूप में कर्नल सुरिदर सिंह एवं श्री जगवीर मलिक उपस्थित रहे।

### चीन ने डेनमार्क को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को उबेर कप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उसने मेजबान डेनमार्क को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी महिला टीम ने अपने दूसरे ग्रुप 'ए' मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें उसने सभी पांच मैच सीधे गेम में जीते। वांग झीई, हान यू और शू वेनजिग ने तीन एकल मैचों में जीत दिलाई, जबकि युगल जोड़ियों लियू शेंगशू/तान निंग और जिया यिफान/झांग शुशेन ने अपने डेनिश प्रतिद्वंद्वियों को दो गेम में हराकर चीन के लिए एक और क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया। चीन, जिसने शुक्रवार को यूक्रेन के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

### अनकैप्ड मोमिना रियासत पाकिस्तान की महिला टीम में शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे खिलाफ होने वाली महिला एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज बल्लेबाज मोमिना रियासत को टीम में जगह दी है। चयनकर्ताओं ने मोमिना रियासत अगले महीने कराची में जम्बिाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की घरेलू सीरीज के लिए 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी फातिमा सना ही करती रहेंगी। ए मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा हैं। मोमिना को टीम में शामिल करने के अलावा, चयनकर्ताओं ने टीम के मुख्य खिलाड़ियों को ज्यादातर वही रखा है। टीम में आलिया रियाज, डायना बेग, मुनीबा अली और सिदरा अमीन जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिम्बाब्वे की महिला टीम अपने पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। एकदिवसीय सीरीज से पहले, दोनों टीमें 30 अप्रैल से तीन मई तक अभ्यास करेंगी।

## ऑरेंज कैप पर अभिषेक व पर्पल कैप पर अंशुल का कब्जा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें और 36वें मुकाबले के दौरान एक ही दिन तीन बार ऑरेंज कैप के विजेता बदले। दिन के आखिरी मुकाबले बाद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिोक शर्मा ने इस पर अपना कब्जा कर लिया है। वहीं पर्पल कैपर अंशुल कम्बोज के पास है।

दिल्ली में शाम ढलते-ढलते दिल्ली के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने नाबाद 152 रन बनाकर नंबर वन स्थान हासिल कर लिया, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। सात पारियों में 357 रन के साथ राहुल शीर्ा पर पहुंचे, लेकिन वहां दो घंटे भी नहीं टिक सके। जयपुर में वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंदों में 103 रन ठोककर 357 रन तक पहुंचते हुए बेहतर स्ट्राइक रेट के आधार पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। एक घंटे बाद एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा 29 गेंदों में 57 रन बनाकर बल्लेबाजी तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गए। आठ पारियों में चौथी बार 50 से अधिक स्कोर बनाकर अभिोक अब 380 रन के साथ बल्लेबाजी तालिका में शीर्ा पर हैं, जो सूर्यवंशी और राहुल दोनों से 23 रन ज्यादा हैं। हाइनरिक क्लासन ने एसआरएच की जीत में 29 रन बनाकर शीर्ा पांच में अपनी जगह मजबूत की और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके नाम 349 रन हैं और वह कोहली से थोड़ा आगे हैं। बविराट कोहली (320 रन) 24 घंटे के भीतर पहले स्थान से फिसलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए, क्योंकि शनिवार को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने भी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 229 रन का पीछा किया। पर्पल कैप मामले में एसआरएच के तेज गेंदबाज इशान मलिंगा ने आरआर के खिलाफ दो विकेट लेकर 38 रन दिए और अब चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज के बेहद करीब पहुंच गए हैं। मलिगा ने यशस्वी जायसवाल और डोनोवन फरेरा को आउट किया। दोनों गेंदबाजों के नाम अब 14 विकेट हैं।

## दिल्ली को अपनी कैचिंग में करना होगा सुधार

### आरसीबी के खिलाफ मुकाबला आज अरुण जेटली स्टेडियम में



**नई दिल्ली, वार्ता।** रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ कल हार का सामना करना पड़ा और अब सोमवार को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के 39वें मैच में उसे अपनी फील्डिग, खास तौर पर कैचिंग में सुधार करना होगा तभी वह जीत की उम्मीद कर पाएगा।

इस मुकाबले में सभी की निगाहें पूरी तरह से केएल राहुल पर टिकी हैं, जिनकी रिकॉर्ड तोड़ फॉर्म इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी चर्चा का विाय रही है। पंजाब के खिलाफ 152 रनों की शानदार नाबाद पारी खेलने वाले-जो आईपीएल के इतिहास में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है, राहुल दिल्ली की बल्लेबाजी की रीढ़ बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस सीजन में कई मैचों में अकेले दम पर टीम को जीत दिलाई है। सात पारियों में 357 रन और एक बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ, क्रीज पर उनका दबदबा बेजोड़ रहा है।

फिर भी, दिल्ली के अभियान की विडंबना यह है कि राहुल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम को लगातार जीत नहीं मिल पाई है। पंजाब किंग्स के हाथों मिली करारी हार-जिसमें दिल्ली 264 रनों के विशाल स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही, ने एक गहरी समस्या को उजागर किया है: एक कमजोर गेंदबाजी आक्रमण, जो टीम की विस्फोटक बल्लेबाजी का साथ देने में संघा कर रहा है।

नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और अन्य खिलाड़ियों के योगदान से टीम को कुछ सहारा तो मिला है, लेकिन राहुल पर टीम की अत्यधिक निर्भरता अभी भी साफ नजर आती है। इसके बिल्कुल विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है, जिसने संतुलन और सामूहिक ताकत के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। सात मैचों में पांच जीत के साथ, उन्होंने अपने अभियान को किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने के बजाय, खेल के सभी विभागों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया है। विराट कोहली ने बल्ले से मोर्चा संभालते हुए 328 रन बनाए हैं।

## हम हारना डिजर्व करते हैं: अक्षर पटेल



**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने जब 264 रन का एक विशाल स्कोर खड़ा किया था, तो किसी को भी नहीं लगा था कि पंजाब किंग्स इस मैच को सात गेंद शो रहते ही जीत जाएगी। लेकिन प्रभसिमरन सिंह के 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 71 रनों की पारी की मदद से पंजाब ने मैच को छह विकेट से आसानी से जीत लिया।

इस दौरान सब फील्डर करुण नायर ने श्रेयस के 29 और 35 के स्कोर पर दो कैच छोड़े, जबकि प्रभसिमरन का भी एक कठिन और एक थोड़ा आसान कैच डीसी के फील्डरों ने छोड़े। इसके अलावा प्रियांश आर्य, कूपर कॉनॉली और शशांक सिंह का भी कैच डीसी के फील्डरों द्वारा छोड़े गए। वहीं पारी के तीसरे ओवर में ऐसा ही एक कठिन कैच लपकने के चक्कर में उनके तेज गेंदबाज लुंगी एन्गिडी चोटिल होकर मैच से बाहर हो गए, जिनके चार ओवरों की कमी उन्हें पूरे मैच के दौरान खली। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि हम लगातार वही गलतियां दोहरा रहे हैं। इस तरह की पिच पर अगर आप अपने गेंदबाजों को सपोर्ट नहीं करेंगे और इतने सारे मौके देंगे, तो मुझे लगता है कि हम ऐसी हार डिजर्व करते हैं। इसके अलावा हमारी बोलिग यूनिट ने जिस तरह से पावरप्ले में गेंदबाजी की, उसे भी हमें देखना होगा। इस पिच पर 264 का स्कोर बहुत अच्छा स्कोर था, बस हमें ए मौके नहीं गंवाने चाहिए थे और थोड़ी बेहतर गेंदबाजी करनी चाहिए थी। पंजाब ने पावरप्ले में 116 रन बनाए, जो कि इस चरण में आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह डीसी की इस सीजन सात मैचों में चौथी हार थी, इसमें एक मैच वह भी शामिल है, जब उन्होंने अपने होमग्राउंड पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन से मैच गंवाया था। अक्षर ने कहा कि अगर हम जो अहम मोमेंट है, उसको अपने पक्ष में कर लेते, तो दो-तीन मैचों के परिणाम हमारे पक्ष में होते। आगे हमें उन्हीं महत्वपूर्ण पलों को अपना बनाना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप हमेशा गलती करते रहो और फिर बेहतर परिणाम की उम्मीद करो। हम अब वापस जाएंगे और मूल्यांकन करेंगे कि और क्या बेहतर कर सकते हैं। डीसी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट वेणुगोपाल राव ने भी मैच कॉन्फ्रेंस में अपने कप्तान की बातों को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि हमने कुछ कैच गंवाए, जो कि हमारे दो अंक गंवाने का प्रमुख कारण था। हमने लगभग छह कैच गंवाए। अगर आप महत्वपूर्ण मौकों पर ऐसे कैच, वह भी प्रभसिमरन और श्रेयस जैसे खिलाड़ियों को गंवाते हो, तो मुझे नहीं लगता कि हम मैच जीत सकते हैं। हमें ऐसे कैचों को लपकने की जरूरत है। यह इस सीजन सात मैचों में चौथी बार था, जब डीसी के गेंदबाजों के खिलाफ 200 से अधिक रन बने। तो क्या यह सिर्फ खराब फील्डिग के कारण था या डीसी को अपनी गेंदबाजी में भी बहुत सुधार की जरूरत है? राव ने कहा कि अगर हम 264 रन बनाकर भी स्कोर को डिफेंड नहीं कर पा रहे हैं, तो इसका मतलब है कि गेंदबाजी में भी कई चीजों पर काम करने की जरूरत है। हमें अपनी पावरप्ले गेंदबाजी और कैचिग को बेहतर करने की जरूरत है। इसके अलावा हमने एन्गिडी के 24 गेंदों, उनके चार ओवरों को मिस किया। उन्होंने पिछले सभी मैचों में चार ओवर गेंदबाजी की है और अपनी स्लोअर गेंदों और अनुभव से बल्लेबाजों को परेशान किया है। उम्मीद है कि वह जल्द ही रिकवर होकर वापस मैदान पर लौटेंगे। हमें पता है कि जबसे यह इंपैक्ट प्लेयर का नियम आया है।

## डीएलडब्ल्यूक्यू के खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं दिल्ली राज्य वुशु चैम्पियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने ताओलु एवं सांडा स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया। दूसरे दिन सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग (बालक एवं बालिका) की सांडा (शानशू) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।

ताओलु स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की तकनीक और संतुलन का प्रदर्शन किया। ताओलु स्पर्धाओं में डीएलडब्ल्यूक्यू का दबदबा देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेठता सिद्ध की। वहीं सांडा स्पर्धाओं में टीएमएआई , बुद्धा वुशु क्लब एवं अन्य इकाइयों के खिलाड़ियों ने उत्कृट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक प्राप्त किए।

प्रतियोगिता के दौरान सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग में 24 किंग्रा में आराध्या (बुद्धा वुशु क्लब), 28 किंग्रा में राशिका (शिवाजी स्पोर्ट्स), 32 किंग्रा में आरुाी (बुद्धा वुशु अकादमी) तथा अन्य वर्गों में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार सब-जूनियर बॉयज वर्ग में 24 किंग्रा में अहिल खान (एनसीडब्ल्यू), 28 किंग्रा में प्रिस (एनडब्ल्यूसी), 32 किंग्रा में शिवम (टीएमएआई), 36 किंग्रा में देव (आरके स्पोर्ट्स) सहित अन्य खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

# 'सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है': पैट कमिंस

### हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा सूर्यवंशी के खेल ने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया



**जयपुर, वार्ता।** बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के चाहने वालों में एक नाम और जुड़ गया है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस उनके नए चाहने वाले हैं और उनका कहना है कि सूर्यवंशी उनका नया पसंदीदा खिलाड़ी है। हालांकि सूर्यवंशी की टीम राजस्थान रॉयल्स को कल हैदराबाद से हार का सामना करना पघ। सूर्यवंशी ने इस मैच में शतक बनाया लेकिन यह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

सूर्यवंशी का 36 गेंदों में बनाया गया शतक - जो आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक है - राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था, लेकिन इसने विरोधी टीम के कप्तान को भी इस बात से बहुत प्रभावित किया कि 15 साल का यह खिलाड़ी अभी से क्या-क्या कर सकता है। कमिंस ने सूर्यवंशी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है, इसमें बहुत मजा आता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है। इसलिए वह बहुत प्रभावशाली है। हां, उसने अपने करियर की शानदार शुरुआत की है और हां, मुझे उसका खेलने का तरीका बहुत पसंद है, जिस तरह वह खेल को अपने हाथ में लेता है। कमिंस ने सूर्यवंशी को जो पहली गेंद डाली, वह छक्के के लिए बाउंड्री के पार चली गई, इसने इस युवा खिलाड़ी की एक और निडर पारी की नींव रख दी। अब वह इस टूर्नामेंट के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों - जिनमें जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसन, जोश हेजलवुड और अर्शदीप सिंह शामिल हैं - के खिलाफ भी काफी सहज नजर आ रहा है। रिहैब से लौटने के बाद इस सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे कमिंस ने आईपीएल में हाल ही में बन रहे रनों की भारी संख्या को लेकर चल रही बहस पर भी अपनी राय दी। अकेले शनिवार को ही खेले गए दो मैचों में कुल 986 रन बने। जब कमिंस से पूछा गया कि क्या इस टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन की जरूरत है, तो उन्होंने कहा कि देखिए, शायद। मुझे लगता है कि चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। पिचें भले ही सपाट हों, लेकिन यह सिर्फ 20 ओवर का खेल है - आप जानते ही हैं - इसलिए यह कोई टेस्ट मैच नहीं है जहां पिच सपाट हो और बल्लेबाजों को पांच दिनों तक बल्लेबाजी करने का मौका मिले, इसलिए मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसमें हर गेंदबाज को ज्यादा से ज्यादा चार ओवर ही मिलते हैं। हां, यह ठीक है। चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। उन्होंने कहा, जाहिर है, हमने अपनी टीम इस तरह बनाई है कि हम अपनी बैटिंग से बड़ा स्कोर खड़ा कर सकें, और एक बॉलर के तौर पर यह हमारी जम्मिेदारी है कि हम विरोधी टीम के रन कम से कम रखें। आज के स्कोर शायद कुछ साल पहले के स्कोर से थोड़े अलग दिखते हैं, लेकिन इसका मूल विचार अभी भी वही है। हां, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। जब उनसे खास तौर पर सपाट पिचों पर, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं, लंबी बैटिंग लाइन-अप के खिलाफ बॉलिग करने के बारे में पूछा गया, तो कमिंस ने कहा कि वह इसे निराशा के बजाय एक चुनौती के तौर पर देखते हैं। कमिंस ने कहा,यह ठीक है, यह एक अच्छी चुनौती है। आप जानते हैं, हो सकता है कि आपके कुछ ओवर खराब चले जाएं, लेकिन आपको लगता है कि अगर आप वापसी करके डेथ ओवर में सचमुच अच्छी बॉलिग करते हैं, तो वह मैच जिताने वाला साबित हो सकता है। इसलिए मुझे असल में लगता है कि कुछ मायनों में इससे हम बॉलर्स पर से दबाव कम हो जाता है, क्योंकि हमें पता होता है कि हमारी बैटिंग लाइन-अप किसी भी स्कोर का पीछा कर सकती है, भले ही स्कोर कितना भी बड़ा क्यों न हो। आपको लगता है कि चारों ओवर बहुत ज्यादा जरूरी हैं, और आप जानते हैं, एक विकेट या एक सचमुच अच्छा ओवर उतना ही अहम हो सकता है, जितना कि कम स्कोर वाले मैच में एक अच्छा स्पेल होता है। यह ठीक है। यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा ही है। मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांच सचमुच अच्छे बॉलर्स की जरूरत होती है।

# फायर टीम की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

## ● पाकबड़ा के स्क्रैप यार्ड में लगी आग पर पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलसा रोड स्थित एक स्क्रैप यार्ड में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आग पर समय रहते काबू पा लिया। दमकल कर्मियों की सतर्कता और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्क्रैप यार्ड से धुआं और आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में फायर ब्रिगेड की टीम ने तेजी से मोर्चा संभाला। साथ ही अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। अग्निशमन विभाग ने तीन फायर टेंडर वाहनों की मदद से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। टीम ने सूझबूझ और बेहतर रणनीति के साथ कड़ी मशक्कत करते हुए कुछ ही समय में आग पर नियंत्रण पा लिया।



समय रहते कार्रवाई होने से आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।घटना के दौरान स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल रहा, लेकिन फायर कर्मियों की सक्रियता ने स्थिति को जल्द ही सामान्य कर दिया। स्थानीय निवा. सियों ने अग्निशमन विभाग की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की। अग्निशमन विभाग की कुशल कार्यशैली और तत्परता के चलते यह घटना बिना किसी जनहानि के समाप्त हो गई, जो विभाग की सजगता और आपदा प्रबंधन क्षमता को दर्शाती है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच महानगर में होमगार्ड भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी दोनों पालियों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में होमगार्ड भर्ती को लेकर आयोजित लिखित परीक्षा दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा 24 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जा रही इस परीक्षा को लेकर जिले भर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।जिले के कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई जा रही है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले सघन जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।रविवार को आयोजित परीक्षा के दूसरे दिन पहली पाली में 9,626 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2,806 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं,



लेकिन प्रशासन की सुव्यवस्थित व्यवस्था के चलते प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई।गौरतलब है कि इस भर्ती परीक्षा के लिए मुरादाबाद जिले को आसपास के 11 जनपदोंख्रअमरोहा, बरेली, बदायूं, बिजनौर, कासगंज, मेरठ, पीलीभीत, रामपुर, संभल और शाहजहांपुरख्रके अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इससे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या काफी अधिक रही, जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया है।दूसरी पाली की परीक्षा भी शांतिपूर्ण माहौल में बिना किसी बाधा के संपन्न हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सभी केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।कुल मिलाकर, दूसरे दिन की परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई,

जिससे अभ्यर्थियों में भी संतोष देखने को मिला।

## बिलारी समाचार

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय ने गोद लिए गांवों में चलाया 'मिशन शक्ति' जागरूकता अभियान

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग (एसएएसई) की ओर से शमिशन शक्तिश अभियान के तहत गोद लिए गए गांव धनूपुरा एवं गिंदौड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएससी एग्रीकल्चर चतुर्थ वर्ष के 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।महिला सशक्तिकरण पर दिया जोरकार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था।



विद्यार्थियों ने भाषणों के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।शिक्षा से ही आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं: डॉ. वीरेंद्र सिंहएसएएसई के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा के माध्यम से ही महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाया जा सकता है। ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को सामा. जिक सरोकारों से जोड़ती हैं।विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका डॉ. सुलेखा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान शिरीन चरण, शिवम सिंह, अनुभव पाल एवं मुदासिर समेत 39 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीणों को लाभान्वित किया।

### कांठ रोड पर गुरुकुल कोचिंग इंस्टीट्यूट का भव्य शुभारंभ, एसपी सिटी ने किया उद्घाटन

**मुरादाबाद।** कांठ रोड स्थित गुरुकुल कोचिंग इंस्टीट्यूट का भव्य शुभारंभ समारोह 26 अप्रैल 2026 को आयोजित किया गया। संस्थान का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह, न्यूरोसर्जन डॉ. आमिर खान एवं रेहान अशरफ ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। निदेशक एम सिंह ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले



विद्यार्थियों को बेहतरीन सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें IIT-JEE और नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता दिलाई जा सके।डायरेक्टर दानिश मंसूर ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि छात्रों को प्रेरित कर सही दिशा में मार्गदर्शन देना भी है। राजीव कुमार ने बताया कि संस्थान में अनुभवी शिक्षकों की मजबूत टीम तैयार की गई है। निदेशकों ने कहा कि संस्थान को इस तरह विकसित किया गया है कि छात्रों को बिना दबाव के पढ़ाई का प्रेरणादायक माहौल मिले। संरक्षक एम उमर ने सभी निद. शकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि गुरुकुल के रूप में उच्च स्तरीय शिक्षा शहर के विकास के लिए अच्छा कदम है। इससे क्षेत्र के छात्रों को सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में जावेद मालिक, नितिन रस्तोगी, रफीउद्दीन समेत शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कृतिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सभी विकास खण्डों में लगाए जाएंगे शिविर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी विकास खंडों में चिह्नांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के मुताबिक इन उपकरणों में कृत्रिम हाथ-पैर, कैलीपर्स, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट, लेप्रोसी किट, स्मार्टफोन और टैबलेट शामिल हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें पिछले तीन वर्षों से इस योजना का लाभ नहीं मिला है, वे इन शिविरों में आवेदन कर सकते हैं। शिविरों की शुरुआत 28-29 अप्रैल को डिलारी से होगी। इसके बाद 30 अप्रैल और दो मई को ठाकुरद्वारा, 4-5 मई को कुंदरकी, 6-7 मई को बिलारी, 8 और 11 मई को मूंढापांडे, 12-13 मई को भगतपुर टांडा, 14-15 मई को छजलैट और 16 व 18 मई को मुरादाबाद विकास खंड में शिविर लगेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र, चिकित्सक की संस्तुति और रंगीन फोटो आवश्यक होंगे। पात्र अभ्यर्थी आनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### भारत विकास परिषद की बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी को ही दी इस बार भी जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारत विकास परिषद शाखा कांठ साधारण सभा की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी का चयन किया गयास इसमें सर्वसम्मति से महेश गुप्ता को अध्यक्ष, गौरव बिश्नोई को सचिव चुना गया स बैठक का आयोजन रियासत भवन में कुंवर सुरेंद्र सिंह के आवास पर किया गया। जिसमे गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई स सर्वसम्मति से तय किया गया कि सत्र 2026-27 के लिए वर्तमान कार्यकारिणी ही यथावत



रहेगीस महेश गुप्ता (अध्यक्ष), गौरव बिश्नोई (सचिव), दोनों का फूल माला डालकर स्वागत किया गया स इस अवसर पर मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह, पंकज कुमार, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, दीपक चौहान, पंकज चौहान, सोमवीर सिंह, सचिन चौहान उर्फ बंटी, अशोक बिश्नोई, प्रद्युम्न बिश्नोई, भगवान सिंह, प्रमोद बिश्नोई, आदि मौजूद थे।

# महानगर के सभी बूथों पर सुना गया पीएम मोदी का 'मन की बात' का 133वां संस्करण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 133वें संस्करण को महानगर के सभी दस मंडलों के प्रत्येक बूथ पर सुना गया। जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर कार्यक्रम में भाग लिया।



निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने रामगंगा विहार मंडल के जाट सभा में बूथ नंबर 234 पर बूथ अध्यक्ष लोकमणि सिंह, विजेंद्र सिंह व क्षेत्रवासियों के साथ कार्यक्रम सुना। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने विकास को हमेशा हथियार माना है। वैज्ञानिकों की मेहनत से भारत नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने स्कूली बच्चों से छुट्टियों में कुछ नया सीखने की अपील की। भारत के डेयरी सेक्टर और पारंपरिक खाद्य संस्कृति को देश की पहचान बताया। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में जनगणना का कार्य चल रहा है। अब तक 1.2 करोड़ परिवारों की जनगणना पूरी हो चुकी है। उन्होंने यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में भारत की बेटियों के छठे स्थान पर आने पर गर्व जताया। मोदी ने कहा कि भारत का बांस सेक्टर मजबूत हो रहा है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में वैज्ञानिकों को मिली सफलता पर गर्व जताया। कलपक्कम रिएक्टर को परमाणु ऊर्जा सफर में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम देश के निर्माण में अहम योगदान दे रहा है।

पीएम ने बीटिंग रिट्रीट को सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। बुद्ध पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने सिखाया कि शांति की शुरुआत अपने अंदर से होती है। विंड एनर्जी पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मनीष कुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, पार्षद पंकज शर्मा, सुरेंद्र विश्नोई, रेखा शर्मा, सोनल अग्रवाल, विनीता मल्होत्रा, शशी किरण समेत महानगर, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व पार्षदगण शामिल रहे।

# घर के सामने खेत में तेंदुआ बैठा देख उड़े ग्रामीणों के होश, वन विभाग ने कहा नहीं मिल पा रहे पिंजरे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र के गांव शेखूपुरा में देर शाम ग्रामीणों के उस वक्त होश उड़ गए जब उन्होंने गांव के सामने ही खेत में एक तेंदुए को बैठा देख लिया घटनाक्रम के मुताबिक गांव के कुछ लोग जंगल से भूसा लाने का काम कर रहे थे तभी उन्होंने अनुज देओल के खेत में एक तेंदुए को बेफिक्र होकर बैठे हुए देखा इसकी सूचना उन्होंने गांव में दी तो गांव के लोग इकट्ठे हो गए लेकिन तेंदुए पर इसका कोई असर नहीं पड़ा तेंदुआ अपनी मस्ती में बड़े आराम से बैठा रहा ग्रामीणों में इसे देखकर भय व्याप्त हो गया और गांव के बाहर बने घरों के लोगों ने रात जागकर काटी सुबह को इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई तो डिप्टी रेंजर आदि मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को तेंदुए के प्रति जागरूक करने का काम किया।



लेकिन पिंजरा लगाने में उन्होंने असमर्थता भी जताई उन्होंने कहा कि पिंजरों की उपलब्धता नहीं है। और कोशिश करेंगे कि उनके गांव के लिए भी एक पिंजरा उपलब्ध हो जाए कुल मिलाकर क्षेत्र में बढ़ रही तेंदुओं की संख्या के चलते अब प्रशासन के पास पिंजड़ों में भी कमी आ गई है। जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है लोगों ने तेंदुआ प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाकर इन्हें पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।

# 10 मई को थी शादी और 24 अप्रैल को लड़की हो गई फरार मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** 10 मई को लड़की की शादी होनी थी लेकिन वह 24 अप्रैल को ही शाद. ीशुदा व्यक्ति के साथ फरार हो गई महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी बेटी की 10 मई को शादी होनी थी घर पर शादी की तैयारी चल रही थी तथा घर में नगदी व सोने चांदी के जेवर भी रखे थे लेकिन 24 अप्रैल को उसकी लड़की 3:00 बजे घर से फरार हो गई जानकारी करने पर पता लगा कि वह सुमित निवासी गजरौला के संपर्क में थी और उसी के साथ चली गई है। बताया गया कि सुमित पहले से शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं सुमित की सहेलियां का कहना था कि वह लड़की पर शादी करने के लिए दवाब बना रहा था इसी बात को लेकर वह परेशान भी थी पीड़िता ने लड़की पर सुमित के बहकावे में आकर घर से 50 हजार व जेवर भी ले जाने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मुरादाबाद-अलीगढ़ राजमार्ग पर सड़क हादसे से हड़कंप मचा

## ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर में दो मासूम बच्चों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** रविवार दोपहर मुरादाबाद-अलीगढ़ राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे से हड़कंप मचा दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर में दो मासूम बच्चों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा निवासी युवक कुंदरकी के जेतीया फिरोजपुर गांव से बारात में शामिल होकर बदायूं के सिरोली जा रहे थे।

जैसे ही उनकी कार भीकनपुर कुलवाड़ा के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार आदिल (26), साजिद (28), जुबैर (19), फरीद (20) तथा दो बच्चे हस्सान (9) और सुब्हान (10) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। एक युवक की हालत अधिक खराब होने पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए ले गए। बताया गया हादसे के बाद दूसरी कार का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।





# टीएमयू फार्मेसी के मेडएथलॉन में बीफार्म फर्स्ट ईयर का जलवा

## विजेता खिलाड़ियों को 30 अप्रैल को ऑडिटोरियम में आयोजित फेयरवेल समारोह में किया जाएगा सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मेडएथलॉन में बीफार्म फर्स्ट ईयर का जलवा रहा। बीफार्म फर्स्ट ईयर की टीम ने टग ऑफ वार और वॉलीबॉल के फाइनल मुकालबे अपने नाम किए, जबकि बास्केटबाल फाइनल, बैटमिंटन सिंगल्स फाइनल, क्रिकेट और बॉक्स क्रिकेट सेमीफाइनल में भी बीफार्म फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मेडएथलॉन के तहत कैरम, चेस आदि खेलों की प्रतियोगिताएं भी हुईं। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का मुकाबला बी. फार्म और एम.फार्म टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन बी.फार्म टीम ने अपनी शक्ति, समन्वय और रणनीति का शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। क्रिकेट प्रतियोगिता के सभी मैंचों में स्टुडेंट्स की ओर से बीफार्म फर्स्ट ईयर के आरजू चंद्रवंशी ने सर्वाधिक 156 रन बनाए, जबकि फैकल्टी टीम की ओर से कप्तान श्री अभिषेक आनन्द ने सर्वाधिक 136 रनों के संग-संग 04 विकेट भी चटकाए। मेडएथलॉन के तहत बॉक्स क्रिकेट का फाइनल रोमांचक मुकाबले में फार्मडी की टीम ने फैकल्टी की टीम को 38 रनों से यह मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशाल जैन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बॉस्केटबाल फाइनल मुकाबले में कुल 24 बॉस्केट में फैकल्टी श्री मिथुल मेमन ने सर्वाधिक 18 बास्केट बनाए। स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति तिवारी ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया, इन विजेताओं को 30 अप्रैल को ऑडिटोरियम में आयोजित फेयरवेल समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बास्केटबॉल का मुकाबला फैकल्टी टीम और बीफार्म प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच खेला गया। फैकल्टी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 24-21 बास्केट से बी. फार्म प्रथम वर्ष की टीम को मात दी। वॉलीबॉल मुकाबले के पहले सेट में बी.फार्म प्रथम वर्ष की टीम ने 15-7, जबकि दूसरे सेट में भी 15-12 से एमफार्म को पराजित कर मुकाबला जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। बी.फार्म प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल और डबल्स फाइनल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल में बीफार्म थर्ड ईयर के प्रिंस और बीफार्म फर्स्ट ईयर के सुधांशु के बीच मुक. ाबला खेला गया। प्रिंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। उन्होंने पहला सेट 15-6 से जीता, जबकि दूसरे सेट में 15-7 से जीत दर्ज कर फाइनल अपने नाम किया। डबल्स फाइनल मुकाबले में बीफार्म थर्ड ईयर के प्रिंस और अविनाश की जोड़ी का सामना फैकल्टी टीम के डॉ. मित्थुल मेमन और डॉ. फूल चंद से हुआ। इस मुकाबले में भी प्रिंस और अविनाश की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 21-9 और दूसरा सेट में 21-19 से अपने नाम किया।






शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

सोमवार, 27 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## हमला या साजिश

यह खबर वास्तव में डराने वाली भी है, चौंकाने वाली भी और हैरान करने वाली भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर व्हाइट हाउस कॉरोसपोंडेंट डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। देखने वाली बात यह भी है कि जिस समय यह हमला हुआ, उस समय डिनर पार्टी में ट्रम्प और उनकी कैबिनेट सहित 2500 प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे। हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है। उसे जिंदा पकड़ लिया गया है। इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में वॉलिंटर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उन डरावने पलों को याद करते हुए बताया कि वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही निगरानी की जा रही थी। हमलावर एलन वाशिंगटन हिल्टन होटल में आया और सीधे उस बालरूम की ओर बढ़ा जहां राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे और जब हमलावर ने हमला किया उस वक्त मेहमानों को सलाद परोसा जा रहा था। वॉलिंटर का कहना था कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि कैबिनेट के सदस्यों को टेबल के नीचे शरण लेनी पड़ी। डीसी पुलिस प्रमुख जैफरी केरोल ने भी अपने बयान में कहा कि हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे और इस हमले में एक कानून प्रवर्तन अधिकारी को गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जाकेट के चलते उनकी जान बच गई। पुलिस प्रमुख के अनुसार यह एक लोन वुल्फ हमला हो सकता है। इसका मतलब है कि हमलावर ने अकेले ही साजिश को अंजाम दिया। कोल टामस एलन के बारे में यह भी जानकारी दी कि वह पेशे से टीचर है और उसे दिसंबर 2024 में टीचर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिल चुका है। ट्रम्प ने हमलावर को अपनी एक टिप्पणी में सनकी शख्स बताया है। जहां तक भारत की है, भारतीय पीएम मोदी ने इस गोलीबारी की घटना की निंदा की है, अपने सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स की सुरक्षा पर राहत जताई है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। देखने वाली बात यह भी है कि अब से पहले 13 जुलाई 2024 को भी ट्रम्प पर उस समय हमला हुआ था, जब वह चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। तब कहा गया था कि यह हमला ईरान ने कराया है। अभी भी सीधे ईरान का नाम तो नहीं लिया गया, लेकिन जिस तरह का बयान ट्रम्प ने दिया है वह इसी तरफ इशारा कर रहा है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ यह हमला ईरान पर उनकी विजय को नहीं रोक सकता। इसलिए यह संदेह भी पैदा होता है कि कहीं यह हमला ईरान पर हमले का कारण तो नहीं बन जाएगा और यूं भी जिस तरह की जानकारी अब तक आई है वह बेहद अस्पष्ट है। एक सनकी पागल व्यक्ति इतनी हाईप्रोफाइल पार्टी में कैसे पहुंच सकता है। जो अमेरिका अपने राष्ट्रपति को लेकर विदेशों में भी चौकसी बरतता है, वह अपने यहां कैसे लापरवाह हो सकता है।

## बंगाल में तृणमूल का गुंडा राज चला रहा




कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, पश्चिम बंगाल में आज लो. कतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है, वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है, कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी, हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है, यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प, हमारी मांग स्पष्ट है, अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकेंगे नहीं, न्याय होकर रहेगा।

**-राहुल गांधी, नता विपक्ष, लोकसभा**

## मानवीय संवेदना का इतिहासकार

# फोटोग्राफर रघु राय



कई दशकों तक भारतीय राजनीति, इसके प्रमुख व्यक्तित्वों, प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद कर देश के समक. ालीन राजनीतिक इतिहास को एक जीवंत आयाम देने वाले महान फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को निधन हो गया। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। उनकी खिची हुई तस्वीरें देखकर अनायास ही यह महसूस हो जाता है कि अपने व्यू फाइंडर से तात्कालिक सच को देख पाने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके द्वारा वह अनदेखे को देखकर कैमरे में कैद कर लेते और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे।

अब इसे इत्तेफाक कहें या नियति का खेल की उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंके जाने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यही वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे।

वह 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दी। राय द्वारा श्रीमती गांधी की खींची गई तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर श्रीमती गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें आयरन लेडी चिताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती हैं- बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नही लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अध-खुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पुरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है।

संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर लाठी चार्ज की तस्वीर हो या बंगलादेश मुक्ति संग्राम के समय लोगों के पलायन की तस्वीर, राय अपने समय के इतिहास की लगभग हर महत्वपूर्ण घटना को दर्ज करते चलते हैं। भिडरावाले की मृत्यु से मात्र एक दिन पहले की उनकी पोट्रेट हो या मदर टेरेसा की मरीजों की सेवा करती हुई तस्वीर, वह मानवीय भावनाओं, डर और संवेदनाओं को पकड़ लेने में जैसे माहिर थे। इस लिहाज से वह एक मनोवैज्ञानिक लगते हैं, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता है और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता है। राय के इन्ही विशिष्ट और अद्भुत कार्यों के लिए भारत सरकार ने 1972 में उन्हें पद्म से नवाजा, लेकिन उनकी ख्याति केवल देश तक ही सीमित नहीं थी। उनके फोटो निबंध द न्यू यॉर्कर, द न्यूयॉर्क टाइम्स, टाइम, लाइफ, द इंडिपेंडेंट और कई अन्य प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में समय-समय पर छपते रहे। राय को नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फांसीसी सरकार ने भी उन्हें 2009 में ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से सम्मानित किया। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त यह महान फोटोग्राफर भले ही आज इस दुनिया से चला गया हो, लेकिन उनका काम, उनकी आयताकार तस्वीरें दुनिया में हमेशा जीवित रहेंगी और अपनी पुरी प्रामाणिकता एवं सच्चाई के साथ कहती रहेगी- एक था रघु राय, जिसने कैमरे से इतिहास लिख दिया, मानवीय संवेदना का इतिहास।

**-भारत भूषण**

# सांसदों का सामूहिक पलायन : चेतावनी

**यह लोकतंत्र की नींव, 'न्यायिक स्वतंत्रता' को हिला देता है। कुछ मामलों में भ्रष्टाचार सच्चा हो सकता है, लेकिन टाइमिंग संदिग्ध है। इससे राजनीति में 'कोऑर्शन' (दबाव) की संस्कृति बढ़ती है। जनता के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सत्ता हासिल करने का यही तरीका है? यह ट्रेंड छोटे दलों को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन जैसी स्थितियां पैदा करने का खतरा बढ़ाता है। आम आदमी पार्टी के सांसदों का भाजपा में विलय स्वस्थ राजनीति को खतरे में डालता है। यह पार्टी की कमजोरियों को उजागर करता है। लेकिन इससे बड़ा सबक यह है कि भारतीय राजनीति में वैचारिक स्थिरता, आंतरिक लोकतंत्र और संस्थागत निष्पक्षता की जरूरत है।**



विनीत नारायण

पिछले सप्ताह आम आदमी पार्टी के सात राजसभा सांसदोंने पार्टी छोड़कर भाजपा में स्वत: विलय कर लिया। पार्टी की कुल 10 राजसभा सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सां. सदों का यह कदम संवैधानिक प्रावधान के तहत लिया गया, जिससे उन्हें अयोग्यता से बचने का रास्ता मिल गया। इनमें से छह पंजाब से चुने गए थे, जबकि एक दिल्ली से। यह घटना न केवल आम आदमी पार्टी के लिए करारा झटका है, बल्कि पंजाब की सत्तासीन पार्टी के भविष्य पर सवालिया निशान लगा रही है।

राघव चड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी अब अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है, लेकिन विपक्षी दलों और आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का ऑपरेशन लोटस करार दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने इसे पंजाब के साथ धोखा बताया। सवाल यह है कि क्या यह महज व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम है या पंजाब की राजनीति में बड़े बदलाव की शुरुआत?

पंजाब में आम आदमी पार्टी 2022 के विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सत्ता में आई थी। भगवंत मान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में कुछ उपलब्धियां गिनाती रही है, लेकिन 2027 के विधानसभा चुनावों से ठीक एक साल पहले यह सामूहिक पलायन पार्टी की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इन सात सांसदों में चार प्रमुख पंजाबी चेहरे, हरभजन सिंह (क्रिकेटर), अशोक मित्तल (एलपीयू चांसलर), विक्रम साहनी और संदीप पाठक, का जाना न केवल संसदीय ताकत कम करता है बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी कमजोर करता है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वॉरिंग ने पहले ही चेतावनी दी है कि केजरीवाल की पार्टी के 50 विधायकों तक का पलायन हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पंजाब में सरकार अल्पमत में आ सकती है। भाजपा, जो पंजाब में अभी कमजोर है, को यह घटना बड़ा नैतिक और संगठनात्मक बल प्रदान करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार के अनुसार, यह भाजपा को अकाली दल के साथ गठबंधन की मेज पर मजबूत स्थिति देगा। पंजाब की राजनीति में 'ऑपरेशन लोटस' की सफलता से भाजपा की छवि मजबूत होगी और मतदाताओं में यह धारणा बनेगी कि केजरीवाल की पार्टी का 'अंत' शुरू हो चुका है। दूसरी ओर, यह घटना पंजाब के किसान-मजदूर वोट बैंक को भी प्रभावित करेगी। उल्लेखनीय है कि आंदोलन से जन्मीं आम आदमी पार्टी की छवि को भ्रष्टाचार-मुक्त और आम आदमी की पार्टी के रूप में बनाया गया था। अब जब उसके प्रमुख चेहरे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, तो जनता में निराशा फैल सकती है। पंजाब की राजनीति पहले से ही कांग्रेस, अकाली दल और आप पार्टी के त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी है। इस पलायन से कांग्रेस को भी फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर विपक्षी एकता टूटने का खतरा बढ़ गया है। इस घटना ने अन्य विपक्षी दलों, कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा आदिको स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा केंद्र की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को तोड़ने की रणनीति पर अडिग है। 'ऑपरेशन लोटस' अब सिर्फ कर्नाटक, महाराष्ट्र या हरियाणा तक सीमित नहीं रहाय यह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों की जड़ों को हिला रहा है। दलों को समझना होगा कि बिना आंतरिक लोकतंत्र, मजबूत संगठन और वैचारिक स्पष्टता के वे टिक नहीं सकते। आम आदमी पार्टी जैसी युवा पार्टी का टूटना साबित करता है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संसाधनों की कमी पार्टियों को कमजोर बनाती है। वहीं आम जनता के लिए संदेश और भी गंभीर है। जब भी कोई नेता ईडी/सीबीआई छापे के ठीक बाद पार्टी बदल लेता है, तो लोकतंत्र में विश्वास डगमगाता है। जनता सोचती है कि क्या ए नेता सच्चे सुधारक थे या सत्ता के लालची? पंजाब की जनता, जो पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और ड्रग समस्या से जूझ रही है, अब राजनी. तिक अस्थिरता का शिकार हो रही है। यह घटना राजनी. ति को एक 'धंधा' साबित करती है, जहां सिद्धांतों की जगह स्वार्थ हावी है, लेकिन एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जनता अब ज्यादा सजग हो रही है। 2027 के चुनाव में मतदाता इन 'ट्रैक्टरों' को याद रखेंगे और वोट से जवाब देंगे। यह घटना आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सत्ता संभाली, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अभी भी कमजोर है। राघव चड्ढा जैसे चेहरे, जो पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता थे, का जाना आंतरिक कलह को उजागर करता है। केजरीवाल की 'सुप्रीमो' शैली पर सवाल उठ रहे हैं। अशोक मित्तल पर ईडी के छापे के महज 10 दिन बाद उनका पलायन संदेहास्पद है। यदि पार्टी में सुधार नहीं हुआ, तो दिल्ली में भी 'डोमिनो इफेक्ट' शुरू हो सकता है। वहीं अन्य दलों के लिए भी यह एक संकेत है। भारतीय राजनीति में 'माइग्रेशन' की संस्कृति बढ़ रही है। भाजपा की मजबूत केंद्रीय शक्ति का फायदा उठाकर छोटी पार्टियां टूट रही हैं। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। जब विपक्ष कमजोर होता है, तो सत्ता का दुरूपयोग बढ़ता है। यह प्रवृत्ति 'एक पार्टी प्रभुत्व' की ओर ले जा रही है, जो बहुलवाद को नुकसान पहुंचाएगी। चिंता की बात यह है कि यह प्रवृत्ति ईडी/सीबीआई जैसी एजेंसियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाती है। जब यह संस्थाएं केवल विपक्ष पर सक्रिय नजर आती हैं और सत्ता पक्ष पर चुप रहती हैं, तो जनता में भरोसा कम होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या फिर भारतीय, भारतीयों पर गोली चलाएगा?



पवन सिंह

भारत दुनियां का इकलौता ऐसा देश है जहां भारतीयों का ही झुंड अपने आकाओं को खुश करने के लिए अपने ही लोगो पर गोलियां चलाता हुआ आगे बढ़ा है। अंग्रेजी हुकूमत ने अपने 200 साल के शासनकाल में यही किया। उसने भारतीयों को ही मांस के टुकड़े जैसी कुछ रियासतें फेंकी या चंद सिक्के उछाले और मात्र इतने ही उपकार पर गोरों के आगे भारतीयों ने नृत्य प्रस्तुतियां शुरू कर दीं। फिर ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों को ही बतौर सैनिक और सिपाही भर्ती किया गया और उनके ही हाथों भारतीयों को फांसी पर लटकवाया या सामूहिक रूप से उनकी हत्याएं करवा दीं। यही हम भारतीयों का काला सच है। यह सच आज भी इतिहास में दर्ज है और कल भी दर्ज रहेगा। यही अंग्रेजी हुकूमत ने किया था और ठीक वैसा ही मौजूदा सत्ता कर रही है।

जो हालात बन रहे हैं उनका विश्लेषण करने से एक बात जो प्रथम दृष्टया समझ में आ रही है, वह यह कि आम जनता का एक बड़ा वर्ग और सरकारी सुरक्षाबलों के बीच एक जबरदस्त खाई पैदा हो चुकी है। मजदूर, किसान और छात्रों के छिट-पुट हुए संघर्ष और उनको जिस मंशा से हैंडिल किया जा रहा है, वह बतौर जर्नलिस्ट मेरी इस शंका को सच साबित कर रहा है जैसा कि मैंने लिखा है। आप को थोड़ी सी जहमत उठानी होगी और कुछ आंकड़े व तथ्य खोजने होंगे। सच आपको नजर आने लगेगा कि यह मैं किस आधार पर कह रहा हूं। आप विभिन्न राज्यों में पुलिस भर्ती की समयबद्ध प्रक्रिया को देखें और अन्य सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को देखिए, आप को एक नंगा सच दिखाई देगा। पुलिस भर्ती परीक्षा टाइम से, इंटरव्यू टाइम से, ज्वाइनिंग टाइम से, ट्रेनिंग टाइम से। न पेपर्स आऊट न कोई लफड़ा। करीब 2016 से लेकर वर्ष, 2026 में भाजपा शासित राज्यों में पुलिस बल रिक्त पदों पर जबरदस्त भर्तियां हुई हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से पुलिस विभाग में रिकॉर्ड 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां हुईं। हाल ही में 60 हजार 244 कांस्टेबल के पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। मध्य प्रदेश में भी पुलिस कांस्टेबल और अन्य पदों पर 2025-2026 के दौरान 22 हजार 500 से अधिक पदों को भरने की योजना के तहत भर्ती चल रही है। इसके अलावा गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी समय-समय पर पुलिस में नियमित भर्तियां की गई हैं। आइए जरा अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों की असलियत देखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के केवल प्रश्न पत्र ही लीक हुए हैं। भाजपा और उसके सहयोग शासित राज्यों में पेपर लीक की कई प्रमुख घटनाएं हुई हैं। बिहार में अमीन भर्ती, बीपीएससी और नीट परीक्षा का पेपर लीक होना प्रमुख घटनाओं में शामिल रहा है। गुजरात में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसमें पेपर माफियाओं द्वारा 5 लाख रुपये में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में सुचारू रूप से सब ठीक कर लिया गय। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। राजस्थान में भाजपा सरकार के बनने के बाद 17 में से 19 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का दावा किया गया था, जिसके बाद SIT का गठन कर 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 7 वर्षों में भाजपा शासित राज्यों में 70 से अधिक पेपर लीक होने का दावा किया गया है, जिससे लगभग 1.5 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। भाजपा शासित राज्यों के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं। लाखों युवा संविदा पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई पुरसा हाल नहीं है। बंधुआ मजदूरों से भी बुरी हालत है।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी लेकिन भारतीय सैनिकों की संख्या करीब 1 लाख 30 हजार थी। 1857 के आजादी के खूनी संघर्ष से सबक लेते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने अपने सिपाहियों की संख्या बढ़ाई। 1857 के बाद यूरोपीय सैनिकों की संख्या बढ़कर करीब 60,000 हो गई। वर्ष, 1861 की जनगणना के हिसाब से भारत में करीब 84,083 ब्रिटिश सैन्य अधिकारी और सैनिक तैनात थे और शेष देशी सिपाही थे। भारतीय सैनिक ही ब्रिटिश हुकूमत की मुख्य ताकत थे। मुझे यह लिखते हुए पीड़ा हो रही है कि 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर हथियारबंद भारतीयों ने ही गोलियां चलाई थीं। ब्रिटिश सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रिपोर्ट कहती है कि 1,000 से अधिक लोग शहीद हुए थे। ब्रिगेडियर, जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने तो केवल आदेश ही दिया था और वह भी मौखिक लेकिन भारतीयों ने उन लोगों पर गोलियां चला दीं जो रॉलेट एक्ट के विरोध में और बैसाखी मनाने के लिए आए थे। शांतिपूर्ण कार्यक्रम था लेकिन एक बार भी किसी भारतीय सैनिक ने नहीं सोचा कि वे सब के सब उनके अपने ही हैं। वे उनकी ही आजादी के लिए लड़ रहे हैं। हम भारतीयों ने कभी भी गलत को गलत कहने, लिखने, बोलने का साहस नहीं किया। धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर भारतीय पहले भी भारतीयों से घृणा करता रहा और आज भी वही खड़ा है। मुझे यह लिखने में रत्ती भर गुरेज नहीं है कि भारत विभिन्न जातियों, धर्मों व संप्रदायों का कबीला है। लालची, स्वार्थी, नफरती, बेईमान, मक्कार और धूर्त। जो बार-बार खुद हो भारतीयता की झूठी चादर में लपेट कर दूसरों को धोखा देता आया है। हर भारतीय का एक खूंटा है और वह उसी खूंटे में बंधा रहना चाहता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय पर मूत्र विसर्जन कर सकता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय के साथ दैहिक, भौतिक अत्याचार कर सकता है। दरअसल, भारत कभी भारत बन ही नहीं सका और न ही भारतीय कभी भारतीय बन सके। एक बार फिर से सुनियोजित तरीके से संरक्षित भारतीयों को गैर संरक्षित भारतीयों के आमने-सामने खड़ा करने की तैयारी है। पूंजीपतियों के लिए हजारों साल पुराने जंगल और उन जंगलों के आदिवासियों का जिस निर्ममता से सफाया हुआ, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीयों ने ही अपने ही भारतीयों को साफ कर दिया। कोई भारतीय न्यायप्रिय अपने ही भारतीयों के प्रति न्याय उठाने की जहमत नहीं उठाता। भारतीय ही भारतीय को मार रहा है। पहले ब्रिटिश हुकूमत इस मार के लिए तमंगे देती थी और अब।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी।



बेंगलुरु। टीसीएस वर्ल्ड 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

# सवालों के घेरे में अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा

## संदिग्ध हमलावर कोल टामस एलन वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक बार फिर हमले की कोशिश हुई। हालांकि, इस बार हमलावर सीधा ट्रम्प तक नहीं पहुंच पाया और घटनास्थल में घुसने के बाद ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में जुटे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे मुठभेड़ के बाद जिंदा पकड़ लिया। फिलहाल हमलावर का नाम कोल टामस एलन बताया गया है, जो कि कैलिफोर्निया में एक शिक्षक रह चुका है। अधिकारियों और जांचकर्ताओं ने जो शुरुआती जानकारी दी है, उसके मुताबिक संदिग्ध हमलावर वाशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था। कार्यक्रम की वजह से दोपहर दो बजे से होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था और सिर्फ मेहमानों और टिकट धारकों को ही अंदर जाने की अनुमति थी। ऐसे में संदिग्ध का होटल में पहले से कमरा बुक होने का उसे फायदा मिला और वह आयोजन की सबसे बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, होटल के अंदर अपनी पहुंच बनाने के बाद संदिग्ध हमलावर हथियारों- शाटगन, हैंडगन और कई चाकुओं से लैस होकर लाबी में स्थित सीक्रेट सर्विस के सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा और उसे पार करने की कोशिश की। हालांकि, जैसे ही वह चेकपाइंट से होकर भागा, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उसे दबोच लिया और जमीन पर गिराकर हथकड़ी लगा दी। इस पूरी कार्रवाई के दौरान कुछ गोलियां चलीं और इसमें एक सीक्रेट सर्विस एजेंट घायल हो गया। हालांकि, बुलेटप्रूफ वेस्ट ने उसे बचा लिया और फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस तत्काल कार्रवाई की वजह से हमलावर उस बालरूम तक नहीं पहुंच पाया जहां राष्ट्रपति ट्रम्प, उनके कैबिनेट सदस्य और अन्य मेहमान कार्यक्रम के लिए मौजूद थे। खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने घटना के बाद बताया कि हमलावर कमरे (बालरूम) से लगभग 50 गज की दूरी पर था, जब उसने सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ लगाई थी। ट्रम्प के पत्रकारों को दिए डिनर में मौजूद डेलीमेल के अमेरिका के रिपोर्टर के मुताबिक, जिस होटल की लाबी के चेकपाइंट में यह घटना हुई वह मुख्य बालरूम से एक मंजिल ऊपर स्थित था। सुरक्षा चेकपाइंट (मैग्नेटोमीटर) और मुख्य बालरूम के बीच नीचे की ओर जाने वाली केवल कुछ सीढ़ियां थीं। अगर हमलावर उस चेकपाइंट को पार करने में सफल हो जाता, तो वह कुछ ही सेकंड के अंदर बालरूम के अंदर पहुंच सकता था। भले ही हमलावर किसी तरह बालरूम के अंदर पहुंच जाता, लेकिन राष्ट्रपति तक सीधे पहुंचना उसके लिए आसान नहीं था। सीक्रेट सर्विस ने बालरूम के अंदर एक अतिरिक्त सुरक्षा घेरा बना रखा था, जो राष्ट्रपति और मुख्य मेज को बाकी मेहमानों से अलग कर रहा था। मंच के सामने और उसके किनारों पर हथियारों से लैस सीक्रेट सर्विस के एजेंट भी तैनात थे। शनिवार को कार्यक्रम के कारण वाशिंगटन के हिल्टन होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था। हालांकि, हमलावर होटल में ठहरा था, जिसकी वजह से वह केवल अपने कमरे की चाभी दिखाकर बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प मुख्य बालरूम के मंच पर अपनी सीट पर बैठ चुके थे और मनोरंजन का कार्यक्रम शुरू हो चुका था।



■ हमलावर शाटगन, हैंडगन और चाकुओं से लैस होकर लाबी में सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा

## कोलंबिया में बस पर विस्फोटक हमला, 13 की मौत समेत 38 घायल

**काहिबियो।** कोलंबिया में एक बस को विस्फोटक डिवाइस से निशाना बनाया गया। यह घटना काहिबियो में पैनअमेरिकन हाईवे पर हुई। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई और करीब 38 लोग घायल हुए। घायलों में 5 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बस के पास पहले से विस्फोटक लगाया गया था, जो गुजरते समय फट गया। सेना ने इसे आतंकी हमला बताया है और शक ड्रग तस्करी से जुड़े हथियारबंद गुटों पर है। पिछले दो दिनों में इस इलाके में 26 हमले हुए हैं। इनमें पुलिस स्टेशन पर गोलीबारी, रडार केंद्र पर हमला और विस्फोटकों से लैस ड्रोन बरामद होने की घटनाएं शामिल हैं। कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी इलाके ड्रग तस्करी से ग्रस्त इलाके माने जाते हैं। यहां कई अवैध सशस्त्र गुट समुद्री और नदी मार्गों पर कब्जे के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणित ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ग्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और यह टीम विश्व में छठे स्थान पर रही। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत में ग्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड का आयोजन हुआ। गणित में गहरी रुचि रखने वाली स्कूली छात्राओं के लिए ए एक बधे प्रतियोगिता थी।

### लंबे समय तक चलने वाली मंदी की चपेट में आ सकता है वैश्विक व्यापार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का संघर्ष दुनिया भर के व्यवसायों को एक लंबे आर्थिक मंदी की ओर धकेल सकता है। यह बात नेविगेटर प्रिंसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के निदेशक काइल शोस्टैक ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि व्यवसायों के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे खुद को अलग-अलग उद्योगों में एक लंबी आर्थिक मंदी की ओर फिसलते हुए देख रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी 14 साल बाद 'भूत बंगला' के साथ एक बार फिर वापस लौटी है। फिल्म ने 16 अप्रैल को पेड प्रिव्यूज के साथ थिएटर्स में दस्तक दी थी। फिल्म ने पेड प्रिव्यूज से 3.75 करोड़ की कमाई की। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'भूत बंगला' में पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 84.40 करोड़ की कमाई की।

# दबाव में युद्ध विराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेशिकयन

## कहा: युद्धविराम के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।

इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्धविराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं। पेजेशिकयान ने यह भी कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अमेरिका या इजरायल की किसी भी नई टकराव की स्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को प्रभावित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध और आपसी सम्मान के आधार पर संबंध मजबूत करना चाहता है, खासकर फारस की खाड़ी के दक्षिणी देशों के साथ। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये देश भी बाहरी हस्तक्षेप से दूर रहकर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्की के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही। इस सिलसिले में फिदान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी फोन पर बात की। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। उन्होंने इस बातचीत को सकारात्मक बताया। इस दौरान पाकिस्तानी नेता ने मध्यस्थता प्रयासों में तेहरान की निरंतर भागीदारी की तारीफ की, जिसमें विदेश मंत्री अब्बास अराघची की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा भी शामिल है। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद शांति की संभावनाएं अभी भी खत्म नहीं हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच सैन्य और आर्थिक दबाव का दौर जारी है। इसके बावजूद अमेरिका और ईरान लगातार ऐसे संकेत दे रहे हैं, जो बातचीत की मेज पर लौटने की उनकी इच्छा को बताता है। यूरेशिया रिव्यू में प्रकाशित कालिन्स चोंग यू केट के एक लेख में तर्क दिया गया है कि युद्ध के मैदान की बदलती हकीकतें और कूटनीतिक पैंतरेबाजी दोनों पक्षों को समझौते की ओर धकेल रही हैं। वर्तमान परिस्थितियां लंबे संघर्ष के बजाय बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में बनती दिख रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने बातचीत में एक बेहद नपी-तुली रणनीति अपनाई है। वह समय और नियंत्रित तनाव को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है ताकि अपनी बढ़त बरकरार रख सके। ईरान अपने रणनीतिक लाभ से समझौता किए बिना बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहता है। दूसरी ओर, अमेरिका लगातार सैन्य और आर्थिक दबाव के जरिए ईरान की सौदेबाजी की शक्ति को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।



■ अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति

## खसरा संकट ने खोली बांग्लादेश की पोल

**ढाका।** बांग्लादेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, जिसे दशकों में मजबूत बनाया गया था, अब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वर्षों की उपलब्धियां कुछ ही समय में खत्म हो सकती हैं। बांग्लादेश के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, देश में मौजूदा खसरा वैक्सीन संकट कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह संस्थागत कमजोरी का संकेत है। राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज 2025 में घटकर करीब 60 प्रतिशत रह गई, जो पिछले लगभग एक दशक का सबसे निचला स्तर है। यह आंकड़ा 2010 से 2022 के बीच 85 से 92 प्रतिशत के बीच था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश का विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (ईपीआई) लंबे समय तक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना जाता रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता, विकास साझेदारों के सहयोग और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्यकर्मियों के मजबूत नेटवर्क के कारण इस कार्यक्रम ने वर्षों तक उच्च कवरेज सुनिश्चित की और टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित किया। रिपोर्ट के अनुसार, अब यह माडल कमजोर पड़ता दिख रहा है।

## होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में लगेंगे छह महीने

■ खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां, ट्रम्प के आदेश पर सेना तलाश में जुटी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाकर उसे बेहद खतरनाक बना दिया है। खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां हैं। अमेरिकी सेना अब अपने विशेष पोतों के जरिये बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में जुटी है।

पेंटागन ने कहा है कि इस काम में छह महीने तक का समय लग सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रयास को तीन गुना करने का आदेश दिया है। होर्मुज जलमार्ग से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। इसके बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें और व्यापक आर्थिक प्रभाव ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक जोखिम पैदा कर रहे हैं, जहां नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने हैं। हालांकि, इसके नतीजों से ट्रम्प प्रशासन को कोई खतरा नहीं है, लेकिन संसद में उसके प्रभाव पर असर पड़ सकता है। हाल ही में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग में, पेंटागन के अधिकारियों ने बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने का समय लगने का अनुमान पेश किया। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस आंकड़े की पुष्टि से इन्कार किया, लेकिन इसे नकारा भी नहीं। उन्होंने कहा, सेना को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है कि वह उचित समय सीमा में बारूदी सुरंगें हटा देगी। ट्रम्प ने दो दिन पहले ही कहा कि अमेरिकी माइनस्वीपर पहले से ही जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस गतिविधि को तीन गुना स्तर पर जारी रखने का आदेश दिया है। उन्होंने नौसेना को स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव पर हमला करने का अलग से आदेश दिया है। बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है। बारूदी सुरंगों को हटाना घास काटने जैसा है। हालांकि, इनका यह भी कहना है कि हर एक बारूदी सुरंग को हटाना अनिवार्य नहीं है।

# काश पटेल की कुर्सी पर संकट के बादल

■ लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे ट्रम्प जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी

**वाशिंगटन।** ईरान से युद्ध शुरू होने के बाद से अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने प्रशासन में लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे हैं। इसी बीच, एक और चौंकाने वाला नाम सामने आया है।

अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जार्ज और अटार्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने व्यवहार को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर अत्यधिक शराब सेवन और अमर्यादित आचरण के आरोप लग रहे हैं। पालिटिको की रिपोर्ट में व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि लगातार नकारात्मक खबरों और बढ़ते विवादों के कारण पटेल को लेकर माहौल खराब है और ट्रम्प उनसे परेशान हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब अमेरिकी पत्रिका 'अटलांटिक' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) में उनके काम करने के तरीके को लेकर चिंता है। उन पर काम के दौरान अमर्यादित व्यवहार के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एक बार सिस्टम से लाक होने पर पटेल घबरा गए थे।

# ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट सेवा ठप

## नौ करोड़ लोग अलग-थलग पड़े, हर दिन 370 करोड़ का नुकसान

**तेहरान।** ईरान इस समय एक अभूतपूर्व डिजिटल आपातकाल से गुजर रहा है। इंटरनेट मानिटरिंग संस्था नेटब्लाक्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट पूरी तरह से बंद है। यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है।

ठीक आठ हफ्ते पहले शुरू हुए इस प्रतिबंध ने न केवल ईरान के 9 करोड़ से अधिक नागरिकों को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी चोट पहुंचाई है। अमेरिका-इजरायल की ओर से किए गए हमले के बाद 28 फरवरी को इंटरनेट सेवाएं अचानक बंद कर दी गई थी। क्षेत्रीय अस्थिरता और युद्ध के खतरों के बीच ईरानी शासन ने सूचनाओं के प्रवाह को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए इसका सहारा लिया। नेटब्लाक्स के आंकड़ों के मुताबिक, यह व्यवधान अब 1,344 घंटों की अवधि को पार कर चुका है। इससे पहले जनवरी 2026 में भी सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान इसी तरह की पाबंदी लगाई थी, जिससे आंतरिक अशांति की खबरें बाहर न जा सकें। इंटरनेट की इस लंबी अनुपस्थिति ने ईरान के आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बैंकिंग सेवाएं, ऑनलाइन व्यापार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़े हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस शटडाउन से ईरानी अर्थव्यवस्था को अब तक 2.5 बिलियन डालर यानी 23,570 करोड़ का कुल नुकसान हो चुका है। प्रतिदिन लगभग 370 करोड़ का राजस्व प्रभावित हो रहा है लोग अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। विदेशी मीडिया और स्वतंत्र सूचना स्रोतों तक पहुंच पूरी तरह बंद है, जिससे देश के भीतर डर और अनिश्चितता का माहौल है।

■ यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है



## लंदन में नीलाम होगा जयपुर राजपरिवार का 17वीं सदी का स्मार्टफोन

**लंदन/जयपुर।** जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल 'एस्ट्रोलेब' आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञ अपनी बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का 'सुपरकंप्यूटर' और 'प्राचीन स्मार्टफोन' करार दे रहे हैं। सोथबी के 'इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट' विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है।

# पुतिन से मिलने को जेलेंस्की राजी!

## 50 माह से जारी जंग के बीच रूस-यूक्रेन में सुलह के प्रयास तेज

**मास्को/कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अजरबैजान के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बातचीत की। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दक्षिण काकेशस के अपने पहले दौरे पर कहा कि वह अजरबैजान में व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि बीते कुछ समय से रूस और यूक्रेन के बीच सुलह कराने के लिए अमेरिकी की मध्यस्थता में बातचीत हो रही थी, लेकिन हाल फिलहाल में ईरान के साथ तनाव के बीच यह रुकी हुई है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका की अगुवाई वाली कूटनीतिक बातचीत रुकने के बाद जेलेंस्की का यह बयान सामने आया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए। बाकू मास्को के बड़े पैमाने पर युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीतिक प्रोसेस में बीच-बचाव कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने अजरबैजान के राष्ट्रपति को बता दिया है कि हम तीन तरफा बातचीत के लिए तैयार हैं। कीव पहले ही तुर्की और स्विट्जरलैंड में ऐसी बातचीत कर चुका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हम निश्चित रूप से अजरबैजान में होने वाली बातचीत के लिए तैयार हैं, बशर्ते रूस डिप्लोमेसी के लिए तैयार हो। उन्होंने युद्ध शुरू होने के बाद से दक्षिण काकेशस की अपनी पहली यात्रा की अहमियत बताई। हालांकि, क्रेमलिन रूस के अलावा किसी दूसरी जगह यूक्रेन के साथ बातचीत से मना कर रहा था। रूस यूक्रेन पर लगातार बमबारी और सैन्य हमले जारी रखे हुए है। इसके साथ ही क्रेमलिन अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है।



■ यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)